


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

MPHIN/2021/83938

नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 279 | ग्वालियर, रविवार 30 जुलाई 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए




## न्यूज ट्रैक

### मणिपुर हिंसा के पीछे विदेशी ताकतों का हाथ



**नई दिल्ली।** मणिपुर हिंसा को लेकर देशभर में आक्रोश है. संसद से लेकर सड़क तक हंगामा जारी है. वहीं, इसी बीच पूर्व सेना प्रमुख जनरल (रिटायर्ड) एमएम नरवणे ने मणिपुर हिंसा में विदेशी ताकतों के शामिल होने का शक जताया है. उन्होंने कहा कि मणिपुर हिंसा में विदेशी एजेंसियों की संलिप्तता से इनकार नहीं किया जा सकता. जनरल (रिटायर्ड) एमएम नरवणे ने कहा कि सीमावर्ती राज्यों में अस्थिरता देश की समग्र राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अच्छी नहीं है. उन्होंने मणिपुर में विद्रोही संगठनों को चीन की ओर से हुई मदद का भी उल्लेख किया. मणिपुर हिंसा में कार्रवाई को लेकर भी पूर्व आर्मी चीफ एमएम नरवणे ने कहा कि मुझे भरोसा है कि लोग सत्ता में हैं और जो भी कार्रवाई की जानी चाहिए उसे करने के लिए जिम्मेदार हैं, वे अपना बेहतर कर रहे हैं. इतना जरूर है कि इस हिंसा के पीछे विदेशी एजेंसियों की भागीदारी को इनकार नहीं किया जा सकता. वे निश्चित रूप से इस हिंसा में शामिल हैं. उन्होंने चीन पर आरोप लगाया. नरवणे ने कहा कि चीन कई सालों से इन विद्रोही संगठनों की मदद कर रहा है और अब भी ऐसा करना जारी रखेगा.

### बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य की हालत गंभीर, अस्पताल में भर्ती

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य को सांस लेने में तकलीफ होने पर शनिवार को शहर स्थित एक अस्पताल के आईसीसीयू में भर्ती कराया गया। वह 79 वर्ष के हैं। उनके करीबी सूत्रों ने कहा कि मार्क्सवादी नेता का ऑक्सीजन संतृप्ति स्तर काफी हद तक गिर गया, जिसके बाद उनकी हालत बिगड़ गई और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। अस्पताल जाते समय उनकी पत?नी मीरा भट्टाचार्जी भी उनके साथ थीं। उनकी बेटी सुचेतना भट्टाचार्जी भी अस्पताल पहुंच गई हैं। सूत्रों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से उनकी स्वास्थ्य स्थिति खराब चल रही थी। हालांकि, उस समय उन्होंने अस्पताल में भर्ती होने की डॉक्टर की सलाह मानने से इनकार कर दिया। दोपहर से उनकी हालत बिगड़ने लगी और ऑक्सीजन संतृप्ति स्तर तेजी से गिर रहा था। ऐसे में उनका इलाज कर रहे डॉक्टरों की टीम ने बिना देर किए उन्हें अस्पताल में भर्ती करने का फैसला किया। वह नवंबर 2000 में ज्योति बसु के बाद मुख्यमंत्री बने और 2021 तक इस पद पर बने रहे, जब ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस राज्य में 34 साल के वाम मोर्चा शासन का अंत कर सत्ता में आई। भट्टाचार्जी मुख्यमंत्री के रूप में राज्य में बड़े पैमाने पर औद्योगीकरण की जरूरत को लेकर मुखर थे। हालांकि, उनके कार्यकाल के दौरान भूमि अधिग्रहण के मामले उनकी पार्टी और वाम मोर्चे के लिए उलटा पड़ गया।

### घर की बालकनी में खड़ी बुजुर्ग की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर मौत



**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा थाना इलाके में एक दिल दहला देने वाली घटना का वीडियो सामने आया है। जिसमें एक 80 वर्षीय बुजुर्ग घर की बालकनी के पास से जा रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से झुलस गई। करंट में झुलसने से बुजुर्ग का शरीर धू-धू कर जलता रहा। वहीं, तमाशबीन लोग वीडियो बनाते रहे। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दरअसल, ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा थाने के मिर्जापुर गांव में शनिवार को एक बुजुर्ग महिला अपनी बालकनी में खड़ी थी तभी वह बिजली की लाइन से टच हो गई। महिला धू-धू कर जलने लगी। आसपास के लोग तमाशबीन बने रहे और महिला का वीडियो बनाते रहे। महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मिर्जापुर गांव निवासी अंगूरी देवी (80) की हाईटेंशन तार से झुलसकर मौत हो गई।

### फर्जी लोन ऐप्स के जरिये भारतीयों को चूना लगा रहे चीनी गिरोह

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की आईएफएसओ इकाई में इस साल जून में एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी कि कुछ लोग तत्काल ऋण उपलब्ध कराने के बहाने कैश एडवांस नामक चीनी ऋण ऐप के माध्यम से अवैध रूप से उनके मोबाइल डेटा तक पहुंच प्राप्त कर बड़े पैमाने पर जबरन वसूली और ब्लैकमेल कर रहे हैं। शिकायतकर्ता ने कैश एडवांस ऐप से लोन लिया था, जिसे उसने समय पर चुका दिया। लेकिन लोन चुकाने के बाद उसे कैश एडवांस के कर्मचारियों से व्हाट्सएप पर धमकी भरे कॉल और मैसेज आने लगे। पुलिस की बाद की जांच में इस ऐप के खिलाफ दिल्ली क्षेत्र से कुल 102 और पूरे भारत से 1,977 शिकायतें सामने आईं। घोटालेबाज कैश एडवांस मोबाइल ऐप के माध्यम से कम ब्याज दरों पर अल्पकालिक ऋण की पेशकश करके काम करते थे। एक बार जब पीड़ित ऐप इंस्टॉल कर लेते थे तो गिरोह अवैध रूप से उनके व्यक्तिगत डेटा तक पहुंच हासिल कर लेता था। डिजिटल माध्यम से ऋण उपलब्ध कराने के बाद गिरोह ने उधारकर्ताओं द्वारा मूल राशि चुकाने के बाद भी ब्याज दरों में भारी वृद्धि की। पीड़ितों या उनके रिश्तेदारों से अधिक पैसे ऐंठने के लिए गिरोह ने धमकी देने वाली रणनीति का सहारा लिया, जिसमें उधारकर्ताओं की छेड़छाड़ की गई तस्वीरें साझा करना भी शामिल था। गिरोह के सदस्यों ने फर्जी कंपनियां पंजीकृत कर उनके नाम पर बैंक खाते खोले थे जिनमें कुल करीब 350 करोड़ रुपये थे। इसमें से 83 करोड़ रुपये कमीशन काटने के बाद सूक्ष्म ऋण के रूप में वितरित किए गए थे। आरोपियों में से एक नितिन, जो पहले एक चीनी ऋण ऐप कंपनी के लिए काम कर चुका था, ऋण ऐप्स के संचालन और वसूली प्रक्रियाओं से परिचित था। यह अपनी तरह का अकेला साइबर अपराध नहीं है। पूरे देश में ऐसे कई मामले सामने आए हैं जिनमें हाई-टेक चीनी साइबर अपराधियों द्वारा लोगों से बड़ी रकम की धोखाधड़ी की गई है।

# बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अपनी राष्ट्रीय टीम में किया फेरबदल

**नई दिल्ली।** बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने विधानसभा और अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए अपनी नई टीम का ऐलान कर दिया है. इसमें चुनावी राज्यों के नेताओं को बड़ी जिम्मेदारी दी गई है. बीजेपी की इस नई टीम में जहां अधिकांश पुराने चेहरों को बरकरार रखा गया है, तो वहीं कुछ नए चेहरों को भी जगह मिली है. बीजेपी की इस नई टीम में उत्तर प्रदेश और राजस्थान के नेताओं को देखना खासा दिलचस्प है. यूपी में लोकसभा की 80 सीटें और यहां से 6 बीजेपी नेताओं को संगठन में जगह मिली है.गौरतलब है कि, राजस्थान के तीन नेताओं को नड्डा की नई टीम में जगह मिली है. इनमें पूर्व सीएम वसुंधरा राजे, सुनील बंसल और डॉक्टर अलका गुर्जर का नाम शामिल है. यूपी को लेकर सबसे ज्यादा चर्चा विधान परिषद के सदस्य और पार्टी के मुस्लिम चेहरे तारिक मंसूर की है. खास बात ये है कि चुनावी राज्य छत्तीसगढ़ से 2 महिला नोताओं को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है. वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन को फिर से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद पर रिपीट किया गया है. तो चलिए इस रिपोर्ट में आपको बताते हैं कि बीजेपी इस नई टीम से क्या कुछ साधने की कवायद में जुटी है. प्रोफेसर तारिक मंसूर उत्तर प्रदेश में बीजेपी के विधान परिषद सदस्य हैं. एमएलसी बनने से पहले वो 6 साल तक अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर रहे थे. मंसूर मुस्लिमों में कुरैशी बिरादरी से आते हैं और कुरैशी को मुस्लिम समुदाय में पसमांदा कहा जाता है. बीजेपी इस पसमांदा समुदाय तक पहुंच बनाने की कोशिशों में जुटी




है. हाल ही में पीएम मोदी ने भोपाल में अपने एक संबोधन में कहा था कि अगर हम मुसलमान भाई-बहनों की तरफ देखते हैं, पसमांदा मुसलमानों का वोटबैंक की राजनीति करने वालों ने जीना मुश्किल करके रखा हुआ है उनको तबाह करके रखा है. मुसलमानों में पसमांदा मुस्लिम सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और शैक्षणिक रूप से भी काफी पिछड़े हैं. देश में मुसलमानों की कुल आबादी में करीब 85 फीसदी पसमांदा हैं जबकि15 फीसदी उच्च जाति के मुसलमानों की आबादी है. दलित और बैकवर्ड मुस्लिम, पसमांदा वर्ग में आते हैं. बीजेपी अब प्रोफेसर तारिक मंसूर के जरिए पसमांदा मुस्लिमों के बीच अपनी जगह बनाना चाहती है. बात राजस्थान की करें तो राज्य की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे पहले से ही पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष थीं, उनके पद को बरकरार रखा गया है. जबकि, अलका गुर्जर को राष्ट्रीय सचिव और सुनील बंसल को राष्ट्रीय महामंत्री बनाया गया है. डॉक्टर अलका को केंद्रीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी में जगह देकर बीजेपी ने राजस्थान के गुर्जर समाज को साधने का काम किया है. इसी साल राजस्थान में चुनाव होने हैं और यहां गुर्जर समाज का बड़ा वोटबैंक है. राष्ट्रीय कार्यकारिणी में वसुंधरा राजे का कद बरकरार रखने से ये साफ हो गया है कि पार्टी उन्हें साथ लेकर चलना चाहती थी. पश्चिम बंगाल में मिली शिकस्त के बाद कयास लगाए जा रहे थे कि मध्य प्रदेश के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय की राष्ट्रीय संगठन से विदाई हो सकती है. बंगाल में मिली हार के बाद विजयवर्गीय ने खुद को मध्य प्रदेश तक ही सीमित कर लिया था. मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव सिर पर हैं, ऐसे में पार्टी ने उन्हें महासचिव की जिम्मेदारी पर बरकरार रखा है. विजयवर्गीय चुनावी रणनीतिके माहिर माने जाते हैं साथ ही प्रदेश के मालवा-निमाड़ क्षेत्र में उनकी अच्छी पकड़ है.

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एके एंटनी के बेटे अनिल एंटनी को भी बीजेपी की नई टीम में जगह मिली है. अनिल ने बीबीसी डॉक्यूमेंट्री के मुद्दे पर जनवरी में ही कांग्रेस से दूरी बना ली थी. इसके बाद उन्होंने पार्टी में सभी पदों से इस्तीफा दे दिया था. एके एंटनी ईसाई समुदाय के बड़े नेता माने जाते हैं. केरल में ईसाई समुदाय कांग्रेस का भरोसेमंद वोटर रहा है. केरल में पैर पसारने में जुटी बीजेपी के लिए अनिल एंटनी अहम साबित हो सकते हैं. राष्ट्रीय महासचिव और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद से दो-दो नेताओं की छुट्टी कर दी गई है. कर्नाटक में अपना ही चुनाव हारने वाली सीटी रवि की महासचिव पद से छुट्टी कर दी गई है. वहीं, असम के बीजेपी सांसद दिलीप सैकिया भी महासचिव पद से हटाए गए हैं. इसके साथ ही राष्ट्रीय सचिव पद से हरीश द्विवेदी हटाए गए हैं. उपाध्यक्ष रहे दिलीप घोष और भारतीबेन शायल को नई टीम में शामिल नहीं किया गया है.

## उत्तराखंड पुलिस ने 15 चीनी फर्जी ऐप्स के जरिए 300 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का किया भंडाफोड़

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड पुलिस ने इस साल 15 नकली चीनी एप्लिकेशन के जरिए किए गए 300 करोड़ रुपये की बड़ी धोखाधड़ी का पर्दाफाश किया। धोखे के जाल में साइबर अपराधियों का एक सिंडिकेट शामिल था जो पीड़ितों को कम ब्याज दर पर ऋण देने का वादा करता था और फिर उधारकर्ता को भुगतान करने पर ब्लैकमेल और उसका उत्पीड़न किया जाता था। दिल्ली के रहने वाले अंकुर ढींगरा को उत्तराखंड पुलिस ने धोखाधड़ी गतिविधियों को अंजाम देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने को लेकर गिरफ्तार किया था।

ढींगरा ने पुलिस को बताया कि उसने हेक्टर लेंडकारो प्राइवेट लिमिटेड नाम से एक शेल कंपनी स्थापित की थी, जो अवैध कार्यों के लिए मुखौटे के रूप में काम करती थी। इस कंपनी के माध्यम से अपराधियों ने आकर्षक कम ब्याज दरों पर ऋण की पेशकश के साथ संदिग्ध व्यक्तियों को आकर्षित किया। शेल कंपनी ने उधारकर्ताओं को अपनी योजना में फंसाने के लिए चीनी ऋण ऐप्स के एक



नेटवर्क के साथ सहयोग किया। रूपीगो, रुपी हियर, लोनयू, क्विक रुपी, पंच मनी, ग्रैंड लोन, ड्रीम लोन, कैश एमओ, रुपी एमओ, क्रेडिट लोन, लेंडकर, रॉकऑन, होपलोन, लेंड नाउ और कैशफुल सहित धोखाधड़ी वाले एप्लिकेशन शुरू में गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध थे। हालांकि, टेक जायंट द्वारा की गई कार्रवाई के बाद साइबर ठगों ने अपने इस काम को व्हाट्सएप और एसएमएस पर स्विच कर दिया। उत्तराखंड पुलिस ने खुलासा किया कि उनके राज्य साइबर सेल को पिछले दो सालों में लोन ऐप धोखाधड़ी से संबंधित 246 शिकायतें मिलीं। इससे पहले जनवरी में, पुलिस ने 80 से ज्यादा ऐसे लोन ऐप्स की भी पहचान की थी, जिनके लिंक चीनी हैंडलर्स से थे। जांच देहरादून के एक निवासी की शिकायत के बाद शुरू की गई थी, जो लोन ऐप फर्मों द्वारा अपनाई गई उत्पीड़न रणनीति का शिकार हुआ था। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, पीड़ित ने इनमें से एक ऐप से 50 फीसदी की ब्याज दर पर पैसे उधार लिए थे।

## लोन ऐप धोखाधड़ी के पीछे के दिमागों के खिलाफ कानून की मदद ले सकते हैं पीड़ित

**नई दिल्ली।** चीन की सहभागिता के साथ ऋण आवेदन धोखाधड़ी के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, जो कोविड-19 के तेजी से प्रसार की तरह है, जिसकी उत्पत्ति भी चीन में हुई थी।



इस खेल में खिलाड़ी पीड़ितों की ज़रूरत और भोलेपन पर खेलकर फुट इन द डोर की मनोवैज्ञानिक अवधारणा का सहारा लेते हैं। अच्छे और दोगुने रिटर्न के वादे के साथ ये ऐप्स कमजोर लोगों को आकर्षित करते हैं। एक बार ऐप डाउनलोड हो जाने के बाद जालसाजों के लिए फोन डेटा तक पहुंच उपलब्ध हो जाती है। सद्भावना और वैधता स्थापित करने के लिए शुरुआत में पीड़ित को लगभग 10-15 प्रतिशत रिटर्न दिया जाता है। इस तरह उन्होंने (घोटालेबाजों ने) दरवाजे में पैर डाल दिया। जैसे ही यह प्रोत्साहन और रिटर्न पीड़ित को मिलता है, उनके विनाश का द्वार खुल जाता है, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें धोखा दिया जाता है और ठगा जाता है। वकील अनंत मलिक ने कहा, फोन डेटा का इस्तेमाल पीड़ित को धमकी देने और उससे अधिक से अधिक उगाही करने के लिए किया जाता है। जब व्यक्तिगत जानकारी और छेड़छाड़ की गई तस्वीरें सोशल मीडिया ऐप्स पर प्रसारित की जाती हैं, तो सामाजिक कलंक के कारण पीड़ित अक्सर आत्महत्या का प्रयास करता है या वास्तव में आत्महत्या कर लेता है।

## ताजिया देखने गई किशोरी को खेत में ले जाकर किया सामूहिक दुष्कर्म, दो गिरफ्तार

**अररिया।** बिहार के अररिया जिला के फारबिसगंज थाना क्षेत्र में एक 17 वर्षीय किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना प्रकाश में आई है। इस मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जाता है कि पीड़िता शुक्रवार की शाम गांव में घर के पास हो रहे मुहर्रम का खेल देखने गई थी। इसी दौरान वह



गायब हो गई। जब आसपास काफी खोजबीन की गई, तो पास के खेत में वह अर्द्धनग्न अवस्था में बेसुध मिली। वहां से दो लड़के भागते दिखे, जिसे ग्रामीणों ने दौड़ाकर पकड़ लिया। आरोप है कि दोनों युवकों ने खेत में ले जाकर किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि पकड़े गए युवकों में मोहम्मद असफाक और मोहम्मद खुर्शीद पथराहा पंचायत का रहने वाला है। इस मामले में पीड़िता के परिजन के बयान पर पॉक्सो एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पीड़िता किशोरी को मेडिकल जांच के लिए भेजा गया है।

## भारत में फिर से दहशत फैला सकता है पाक

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान कश्मीर में अलगाववादी आंदोलन को फिर से बढ़ावा देने की जुगत में है. जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट और अलगाववादी गुट हुर्रियत कॉन्फ्रेंस आगे आ रहा है. एक अंग्रेजी मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान आतंकी हमलों में विफलता के बाद से ही शॉफ्ट मूवमेंट के जरिए आतंक फैलाने की कोशिश में है. हालांकि, कश्मीर में अलगाववादियों और पूर्व आतंकवादियों की गिरफ्तारी से अलगाववाद को फिर से शुरू करना चाह रहा है. रिपोर्ट की मानें तो पाकिस्तान के आतंकी आंकाओं के इशारों पर केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर में अलगाववाद सक्रिय हो रहा है. रिपोर्ट के अनुसार, घाटी में अलगाववादी तत्व शांति भंग करने के लिए फिर से पथराव और हड़ताल की तैयारी में है. पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई को यह लगने लगा है कि सीमा पर भारतीय जवानों से लड़ने में वह सक्षम नहीं है. सीमा पर ज्यादातर पाकिस्तानी जवान ढेर हो जाते हैं. ऐसे में उसने फिर से शॉफ्ट मूवमेंट के जरिए घाटी में शांतिपूर्ण हालात को



बिगाड़ने के लिए हड़ताल और पथराव शुरू करना चाहते हैं. रिपोर्ट में इस बात का भी खुलासा है कि आईएसआई लोकसभा चुनाव 2024 से पहले कश्मीर में अशांति फैलाने और अलगाववादी आंदोलन शुरू करने की तैयारी में है. इसमें कोई शक नहीं मोदी सरकार को सत्ता में आने के बाद से ही अलगाववादी संगठनों की सेहत बिगड़ी हुई है. 2017 से इन संगठनों को धन की भारी कमी झेलनी पड़ रही है. अलगाववादी नेताओं को लगता है कि वह छोटे मोटे प्रदर्शन और पथराव कर फिर से संगठनों को सक्रिय कर लेगा और उनके पास धन आने लगेंगे. सूत्रों की मानें तो कड़ी सुरक्षा के बीच कश्मीर में अलगाववादियों को अपनी रणनीति बनाने में दो महीने से अधिक का समय लग गया था. हालांकि, अलगाववादी संगठनों की हर गतिविधियों पर भारत की सुरक्षा एजेंसियों की पैनी नजर बनी हुई थी. जम्मू कश्मीर पुलिस ने बताया कि 10 पूर्व आतंकवादियों और अलगाववादी नेताओं और कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई है. पूछताछ के दौरान कई अहम खुलासे हुए हैं.

## मणिपुर में पीड़ितों से मिले इंडिया गठबंधन के सांसद, लोगों का दर्द किया बयां

**नई दिल्ली।** मणिपुर में पिछले तीन महीने से हिंसा हो रही है. कुकी और मैतेई समुदाय के जातीय संघर्ष में लोगों का मकान और दुकान जलकर राख हो गया है. अब लोग राहत शिविरों में रहने को मजबूर हैं. इस बीच विपक्षी दलों के ढ्ढ.हृ.ष्ठ.ढ्ढ. गठबंधन के सांसदों के एक प्रतिनिधिमंडल मणिपुर पहुंचा और चुराचांदपुर जिले में एक राहत शिविर का दौरा किया है. पीड़ितों से मुलाकात करने के बाद कांग्रेस समेत कई विपक्षी दलों के सांसदों के बयान सामने आए हैं. चूड़ाचांदपुर जिले में एक राहत शिविर का दौरा करने के बाद कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि इन लोगों का चेहरा देखकर पता चलता है कि ये डरे हुए हैं. इन लोगों को सरकार पर बिल्कुल भी विश्वास नहीं है. बहुत भयानक स्थिति पैदा हो चुकी है. उन्होंने कहा कि राज्यपाल से हमारी कई मांगें हैं. हम कोई भी फैसला लेने से पहले एक सर्वेक्षण कराना चाहते हैं और आपस में चर्चा करना चाहते हैं. कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि केंद्र सरकार कह रही है कि मणिपुर में शांति बहाल हो गई है तो लोग राहत शिविरों में क्यों रह रहे हैं। वे अपने घर वापस क्यों नहीं जा पा रहे हैं। अगर पीएम मोदी सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के साथ



मणिपुर का दौरा करने का फैसला करते हैं तो हम उनके साथ जाना चाहेंगे। चुराचांदपुर ज़िले में एक राहत शिविर का दौरा करने के बाद टीएमसी सांसद सुष्मिता देव का कहना है कि लोग पीड़ित हैं और सोच रहे हैं कि हम घर कब जाएंगे. भारत सरकार को एक प्रतिनिधिमंडल भेजना चाहिए था उन्होंने मना कर दिया इसलिए विपक्षी दलों के गठबंधन का एक प्रतिनिधिमंडल यहां आया है। राजद सांसद मनोज झा ने कहा कि अभी कोई रणनीति नहीं है. हम दो समूहों में विभाजित हैं और हमारा एकमात्र प्रयास मणिपुर के लोगों की बात सुनना है. उनकी सुनवाई नहीं हो रही है. हम कई राहत शिविरों का दौरा करेंगे और राज्य के लोगों से बात करेंगे. हम राज्यपाल से मिलेंगे और चर्चा करेंगे. मणिपुर के पूर्व मुख्यमंत्री ओकराम इबोबी सिंह ने इंफाल में प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया. उन्होंने कहा कि लगभग 26 राजनीतिक दलों के सांसदों का प्रतिनिधित्व करने वाली इस टीम का स्वागत करते हुए हमें बेहद खुशी हो रही है. उन्हें राहत शिविरों का दौरा करना चाहिए और उन लोगों से मिलना चाहिए जो लगभग 3 महीने से अपने घरों से बाहर हैं. उन्हें सरकार को स्थिति के बारे में सूचित करना चाहिए, ताकि जल्द से जल्द सामान्य स्थिति बहाल हो सके. हम मणिपुर के मुख्यमंत्री के इस्तीफे की अपनी मांग के संबंध में सदस्यों के साथ चर्चा करेंगे.

## गुमठी में तोड़-फोड़ के आरोपियों को भेजा जेल

रिपोर्टर-प्रतिष अग्रवाल
पुष्पांजलि टुडे



**गुना।** पुलिस के अनुसार 25 जुलाई को फरियादी इशाक पुत्र सलीम शाह निवासी बरबट पुरा चाचौड़ा द्वारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इसमें कहा था कि शाम को वह उमरथाना तिराहा चाचौड़ा स्थित अपनी पंचर की गुमटी पर था, तभी वहा संजू राजपूत एवं धर्मेंद्र राजपूत निवासी चाचौड़ा शराब के नशे में आए और गाली गलोच कर शराब पीने के लिए पैसे मांगे मना करने पर दोनों ने उसके साथ मारपीट की और उसकी पंचर की गुमटी में तोड़ फोड़ कर दी। इस पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। इसके साथ तत्परता से कार्यवाही करते हुए घटना के मात्र 18 घंटो के भीतर 26 जुलाई को दोनों आरोपी धर्मेंद्र राजपूत उम्र 28 साल एवं संजू राजपूत उम्र 49 साल निवासी टेकरी मोहल्ला चाचौड़ा को गिरफ्तार कर न्यालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी रुहिल शर्मा व टीम की भूमिका रही।

## चाचौड़ा निवासी हाजी हज करके मदीना से अपने वतन लौटे

योगेश शर्मा चाचौड़ा पुष्पांजलि टुडे





परिवार से मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 18 एक 2023 को चाचौड़ा जिला गुना से चार हाजी अब्दुल खालिक उनकी बाली दास शबनम बेगम इमरत खान और पत्नी रईसन बाई हज करने मक्का और मदीना गए थे जो आज भोपाल होते हुए शाम तक चाचौड़ा पहुंचेंगे चाचौड़ा नगरवासी एवं उनके परिजनों द्वारा उनके स्वागत की तैयारी पूर्ण कर ली गई है।

## लखेरा मोहल्ला चाचौड़ा में धनी भाई के समय से चली आ रही परंपरा को जारी रखा

योगेश शर्मा संवाददाता चाचौड़ा जिला गुना





लखेरा मोहल्ला चाचौड़ा में धनी भाई के समय से चली आ रही परंपरा को जारी रखा है अली हुसैन पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष इनके द्वारा मिली जानकारी के अनुसार 10 दिनों तक के मातम के चलते मुस्लिम समाज पैगंबर मोहम्मद के नवासे इमाम हुसैन की शहादत का गम मनाते हैं इमाम हुसैन कर्बला के मैदान में अपने परिवार के साथ शहीद हो गए थे इसी तारतम्य चाचौड़ा में लखेरा मोहल्ला में हर दिन अलग-अलग रस्में की जाती है इन दिनों में हर दिन कर्बला की जंग में शहीद हुए शहीदों की शहादत की कहानियां सुनाई जाती है मुस्लिम समाज के लोग दसवें दिन मोहर्रम निकालकर शहादत का गम बनाते हैं धनी भाई के समय से इसी परंपरा के चलते पूर्व पार्षद अली हुसैन अघोरी द्वारा इस परंपरा को जारी रखते हुए बहुत ही लगन के साथ मोहर्रम को बनाते हैं इनके द्वारा बनाए गए मोहर्रम को लोग एकटक निहारते रह जाते हैं इनके द्वारा मोहर्रम को बहुत ही बारीकी से बनाया जाता है अली हुसैन पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष एवं पार्षद के द्वारा हुई चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि आज मेरी आस्था का प्रतीक है।

## चाचौड़ा में अनेकों जगह से निकाले गए ताजिए

योगेश शर्मा पुष्पांजलि टुडे



**चाचौड़ा।** जिला गुना में आज अनेकों जगह से ताजिए निकालकर हिंदू मुस्लिम एकता का परिचय दिया गया तलहटी में राजा के समय से गजराज सिंह प्रताप सिंह के नाम से ताजिया एवं अखाड़ा निकाला जाता है एवं लखेरा मोहल्ला में धनी भाई के समय से चली आ रही परंपरा को पूर्व उपाध्यक्ष नगर परिषद द्वारा जारी रखा गया है इसी क्रम में वरवट पूरा में शहजाद शरीफ अब्दुल जहीर के द्वारा ताजिए निकालकर पूर्व काल से चली आ रही परंपरा को निरंतर रखा इसी क्रम में 10 दिनों तक पैगंबर मोहम्मद साहब के नवासे इमाम हुसैन की शहादत का गम बनाते हुए जंग में शहीद हुए शहीदों के किस्से सुनाकर शहादत का गम मनाया जाता है एवं दसवें दिन मोहर्रम निकाले जाते हैं चाचौड़ा में यह प्रथा प्राचीन काल से चली आ रही है प्रशासन के द्वारा राजा के समय से बनने वाले ताजियों को प्रशासन ने के द्वारा आज भी बनवाया जाता है जो कि हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक है।

### झूमटा ग्राम में भारतीय स्टेट बैंक शाखा गुनौर के द्वारा

# क्षेत्रिय प्रबंधक के नेतृत्व में लगाया साध्यकालीन शिविर, बैंक से जुड़ी जानकारियां की गई साझा

संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा
पुष्पांजली टुडे की खबर

ग्राहकों को लगातार बेहतर सुविधाएं और योजनाएं प्रदान करने के लिए भारतीय स्टेट बैंक बैंकिंग सेक्टर का सम्मानित नाम है। योजनाओं और सुविधाओ की जानकारी और ग्राहकों को जागरूक करने के उद्देस्य से हर वर्ष कुछ नवाचार करने वाली इस संस्था ने इस वर्ष नवाचार के रूप में भारतीय स्टेट बैंक ने बैंक परिसर से बाहर निकल कर ग्रामीणों से सीधे संवाद के लिए संध्याकालीन शिविर के रूप में गांव गांव पहुंच कर बैंकिंग से जुड़ी जानकारी दी जा रही है। इसी तारतम्य में गुनौर स्थित भारतीय स्टेट बैंक के कर्मचारियों द्वारा क्षेत्रीय प्रबंधक दमोह विनय कुमार सिंह के नेतृत्व में गुनौर तहसील स्थित ग्राम झूमटा में विशाल सांध्य कालीन शिविर लगाया गया जिसमे ग्राम और उसके परिक्षेत्र के सैकड़ों ग्रामवासियों को बैंक से जुड़ी सुविधाओं और योजनाओं की जानकारी दी गई,स्थानीय गणमान्य नागरिकों के मध्य क्षेत्रीय प्रबंधक विनय कुमार सिंह द्वारा प्रधानमंत्री बीमा योजना,दुर्घटना बीमा,सुकन्या समृद्धि योजना, योनो एवम कियोस्क सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक जानकारी के साथ संवाद किया गया,इस शिविर के दौरान द्वि पक्षीय संवाद सबसे खास बात रही जिसमे ग्रामीणों द्वारा भी अपनी समस्या रख कर मार्गदर्शन प्राप्त किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम की कक्षा 10 में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली छात्राओं का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया वही क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों का शाल श्रीफल से बैंक परिवार द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान एसबीआई बैंक परिवार से क्षेत्रीय प्रबंधक दमोह के साथ,मुख्य प्रबंधक रहमान खान,शाखा प्रबंधक गुनौर उमाशंकर प्रशाद,फील्ड ऑफिसर अंकुश कुमार और झूमटा सरपंच दरबारी चौधरी सहित सैकड़ों की संख्या में स्थानीय गणमान्य ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन सुरेद्र प्रताप सिंह द्वारा और आभार फील्ड ऑफिसर अंकुश कुमार द्वारा व्यक्त किया गया।




## हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक तलेटी मोहल्ले का मुहर्रम

संवाददाता योगेश शर्मा चाचौड़ा जिला गुना

स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार तलेटी मोहल्ले का मोहर्रम लगभग 625 सालों से निकाला जा रहा है यह मोहर्रम और अखाड़ा गजराज सिंह प्रताप सिंह के नाम से जाना जाता है इस मुहर्रम को सरकार की ओर से बनवाया जाता है जो कि हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक है या मोहर्रम 625 सालों से निरंतर निकाला जा रहा है तलेटी मोहल्ले के सभी मुस्लिम एवं हिंदू लोग इस मोहर्रम को एवं अखाड़े को निकालने में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं एवं राजा के समय से चली आ रही इस परंपरा को प्रशासन की ओर से जारी रखा गया है सभी हिंदू मुस्लिम नगरवासी इस प्रथा को प्रशासन द्वारा जारी रखने को लेकर प्रशासन के आभारी।

## सीएमओ साहब थे की समस्या को देखने को ही तैयार नहीं

योगेश शर्मा चाचौड़ा



कल वार्ड क्रमांक 15 में कम्युनिटी हॉल वाली गली में भरा पानी की खबर का हुआ असर कल पुष्पांजलि टुडे में छपी खबर का असर देखने को मिला एक और जहां पार्षद 1 माह से सीएमओ चाचौड़ा से निवेदन कर रहे थे कि अतिक्रमण हटाकर गटर का निर्माण कार्य किया जाए लेकिन सीएमओ साहब थे की समस्या को देखने को ही तैयार नहीं थे आखिर पार्षद ने परेशान होकर हमारे संवाददाता से संपर्क किया और खबर दी हमारे पेपर में खबर छपने के बाद आज सीएमओ साहब ने मौके पर पहुंचकर समस्या का निराकरण कर नाले का निर्माण फिर से करवाए जाने का कार्य किया प्रारंभ वार्ड नंबर 15 पार्षद राजेश खटीक के द्वारा पुष्पांजलि टुडे का आभार व्यक्त किया।

## पौधरोपण करने से पर्यावरण सुरक्षित रहता है : कमांडेंट आशुतोष बागरी

### 17 बटालियन के कमांडेंट श्री बागरी के निर्देशन में पौधारोपण किया गया

पंकज त्रिपाठी
दैनिक पुष्पांजली टुडे



**भिण्ड ।** 17 बटालियन कमांडेंट आशुतोष बागरी आईपीएस ने बटालियन परिसर में पौधारोपण किया ।

कमांडेंट श्री बागरी के निर्देशन में पौधारोपण का कार्य 17 बटालियन भिंड में समय- समय पर चलता रहता है। सेनानी आशुतोष बागरी ने संदेश देते हुए कहा है की वृक्ष हमको ऑक्सीजन देते है और हमारे जीवन की रक्षा करते हैं। पक्षियों को बैठने के लिए जगह देते हैं वृक्षों पर हजारों पक्षियों का जीवन यापन होता है,श्री बागरी ने कहा एक वृक्ष लगाने से एक भागवत जितना पुण्य प्राप्त होता है,इसीलिए अगर भागवत ना कर पाए तो वृक्ष जरूर लगाएं। जितना पुण्य वृक्ष लगाने से मिलता है, उतना किसी से नहीं मिलता है इसी को देखते हुए आज तक 17 बटालियन परिसर में हरी-भरी पौधों की संख्या काफी अधिक मात्रा में है। बटालियन के हरे भरे वृक्ष के कारण ही पूरे परिसर का पर्यावरण अनुकूल रहता है साथ ही संपूर्ण भिंड शहर के लिए संदेश जाता है,कि इसी तरह से संपूर्ण भिंड शहर में पौधारोपण की आवश्यकता है,जिससे शहर का वातावरण पर्यावरण के अनुकूल रहे। पौधरोपण करने में मुख्य रूप से कंपनी कमांडेंट आशुतोष बांगरी, सूबेदार सौरभ भदौरिया,एसआई कृष्ण साहू,एसआई मेवालाल, समाजसेवी जितेंद्र सिंह यादव,मीडिया बन्धुओं में मनोज श्रीवास,सतेंद्र सिंह यादव,पंकज त्रिपाठी सहित बटालियन का स्टाफ एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

## विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल सेवा सप्ताह के अंतर्गत हुए रक्तदान



पुष्पांजली टुडे

**दमोह।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल सेवा सप्ताह के अंतर्गत जिला अस्पताल दमोह में हुए 6 महत्वपूर्ण रक्तदान हुए जिसमें पहला रक्तदान राहुल परिहार ड्ड+, सौरभ सोनी ड्ड+, विशाल अहिरवार ड्ड्ड+, श्याम यादव ड्ड+,जयपाल राजपुत ड्ड+,बह्ले बाशोर ड्ड+ द्वारा रक्तदान करके इस कार्य में सहयोगी बने। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद जिला सेवा प्रमुख अजय मिश्रा,बजरंग दल जिला संयोजक शम्भू विश्वकर्मा,विश्व हिंदू परिषद नगर अध्यक्ष पं राम मिश्रा, बिक्रम साहू, अंकित सिकरवार, देवेंद्र राजपूत, संजू यादव का विशेष योगदान रहा।जरुरतमंद रक्त देने वाले परिवार कि ओर से संगठन के लोगो का आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया।उन्होंने कहाँ जब किसी अपने व्यक्ति कि रक्त दान करने से जान बचती है तब समझ आता है रक्तदान क्या होता है,रक्तदान करके देखो अच्छा लगता है।

## नाबालिक बच्ची के साथ दुष्कर्म के आरोपियों के घर में चला मामा का बुलडोजर

पुष्पांजलि टुडे
राजेश कुमार तिवारी
ब्यूरो चीफ सतना



मैहर में 13 साल की बच्ची से गैंगरेप के आरोपियों के घर बुलडोजर से ढहा दिए गए। प्रशासन की टीम ने शनिवार सुबह पहले आरोपी रवि कुमार का मकान ढहाया। इसके बाद टीम आरोपी अतुल कुमार बढोलिया का मकान ढहाने पहुंची तो परिवार की महिलाएं सामने आकर खड़ी हो गईं। हाथ जोड़कर कहने लगीं कि वारदात के वक्त बेटा ड्यूटी पर था। उसे फंसाया जा रहा। पहले मामले में पूरी जांच की जाए, इसके बाद बुलडोजर चलाया जाए। हालांकि, प्रशासन ने मकान ढहा दिया। शुक्रवार को 13 साल की बच्ची से गैंगरेप किया गया था। आरोपी बच्ची को जंगल में छोड़ गए थे। बच्ची रीवा जिला अस्पताल में भर्ती है। पीड़िता के बयान के बाद आरोपियों की शिनाख्त भी कराई गई थी। दोनों आरोपी अतुल कुमार बढोलिया और रवि कुमार पुलिस की गिरफ्त में हैं। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें 10 अगस्त तक जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई के दौरान आरोपी अतुल बढोलिया के परिजन ने कहा कि पहले जांच होनी चाहिए फिर एक्शन लें। उन्होंने तर्क देते हुए कहा कि जिस वक्त की वारदात बताई जा रही है, बेटा ड्यूटी पर था। बेटा दोषी है तो उसे फांसी दे दें, लेकिन पहले जांच करें। टीम ने परिजन को बताया कि मकान का जितना हिस्सा सरकारी जमीन पर कब्जा कर बनाया गया है, उसे ही गिराया जा रहा है।

गैंगरेप करने वाले दोनों आरोपी मैहर पुलिस की गिरफ्त में हैं, जिन्हें सरेआम फांसी पर लटकाने की मांग की जा रही है। सरकार आरोपियों को सख्त सजा दिलाने की बात कही रही है। वहीं, विपक्ष लगातार महिलाओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर सरकार को इसके लिए जिम्मेदार बता रही है



## मौ नगर में एकल संच अभियान की बैठक हुई संपन्न जिसमें क्षेत्र के आचार्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे

पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर मौ डॉ.बेताल सिंह गौड़

मुख्य अतिथि संच प्रमुख वेताल सिंह कुशवाहा एवं विशिष्ट अतिथि मीडिया प्रभारी डॉ.बेताल सिंह गौड़ आचार्य सत्यनारायण कतरौल, बलवीरसिंह कुशपाठ, रामअवतार छोटे सिंह, जितबरे गोकुल पुरा, गोगप्रकारा असोहना, ज्योति गोपल, श्यामपुरा, अमायन, बनी सिंह, स्याहीपुरा, रनवीर सिंह रामवस कुशवाह, खेरियाबार सरसेड, गाता, रायसिंह विनीत कुमार, रविकुमार रूपावई, चतुरसिंह, बिरेन्द्रासह, पनारपुरा, जरदनसिंह, रंगमा रमतला का पुरा।

## डायल 100 में फर्जी सूचना देकर सनसनी फैलाने वाले 02 आरोपियों को पुलिस ने भेजा जेल

पुष्पांजलि टुडे
राजेश कुमार तिवारी
ब्यूरो चीफ सतना

सतना - जिले के सभापुर थाना क्षेत्र के भटिगवा ग्राम में दो पक्षों में सामान्य बातचीत कि घटना में हत्या होने कि फर्जी सूचना का इवेंट देकर सनसनी फैलाने वाले 02 आरोपियों को जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना क्षेत्र के भटिगवा ग्राम में दो पक्षों में सामान्य बातचीत कि घटना में हत्या होने कि सूचना का इवेंट दिया। सूचना पर घटना कि तकदीक करने जब पुलिस टीम मौके पर पहुची तो जमीनी प्रकरण की सामान्य विवाद की जानकारी सामने आई । सामान्य विवाद पर हत्या होने जैसे गंभीर मामले का फर्जी इवेंट डायल हंड्रेड में देने वाले आरोपी रमेश प्रजापति/ पिता राजू प्रजापति, बेचीलाल सतनामी/ पिता स्वर्गीय जोगेश्वर सतनामी दोनों निवासी भटिगवा थाना सभापुर को गिरफ्तार कर धारा 151 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुये न्यायालय में पेश किए जाने के उपरांत दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है, कार्यवाही का मूल उद्देश्य फर्जी सूचना देकर सनसनी फैलाने वालों को सख्त संदेश देना है।



*दोस्तों, कोई देश महान तब बनता है जब उसके नागरिक महान बनते हैं। और महान बनना सिर्फ बड़ी-बड़ी उपलब्धियां हासिल करना नही हैज्महान बनना हर वो छोटे-छोटे काम करना है जिससे देश मजबूत बनता है आगे बड़ता है। खाने की बर्बादी रोकना, पानी को बेस्ट होने से बचाना, बिजली को बेकार ना करना ये छोटे-छोटे कदम हैं जो देश को मजबूत बनाते हैं।*

**समाजसेवी अरुणेश सिंह भदौरिया**
**राष्ट्रीय अध्यक्ष जनशक्ति वेलफेयर सोसाइटी**

# कांग्रेस पार्टी किसान एवं समाज के सभी वर्गों का कल्याण करने के लिए संकल्पित है : डॉ शर्मा

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड। शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ राधेश्याम शर्मा ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने जनहित के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की है, श्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस सरकार बनते ही सभी घोषणाओ को लागू कर दिया जाएगा।

**कांग्रेस द्वारा की गई मुख्य घोषणाएं**

(1) कॉग्रेस सरकार प्रदेश में लागू करेगी कृषक न्याय योजना। (2) किसानों के लिए पांच सौगात देगी कांग्रेस सरकार. किसानों को सिंचाई के लिए 5 हॉर्स पावर तक के स्थायी एवं अस्थायी पंप पर बिजली निःशुल्क दी जाएगी। (3) मध्यप्रदेश के किसानों का कर्ज माफ किया जाएगा। (4) किसानों पर लगाए गए अन्यायपूर्ण मुकद्दमे वापस लिए जाएंगे। (5) किसानों के कृषि उपयोग के पुरानी बिजली बिल की बकाया राशि माफ की जायेगी। (6) किसानों को 12 घंटे पर्याप्त एवं निर्वाध बिजली उपलब्ध करायेंगे। (7) पहले घर आंगन का अब खेत-खलिहान का बिजली बिल माफ। (8) किसान का पुराना बिल माफ, अब मुफ्त बिजली का रास्ता साफ। प्रदेश में कॉग्रेस की सरकार बनने पर प्रदेश के किसानों के कल्याण के लिए कृषक न्याय योजना लेकर आयेगी । योजना के तहत किसानों को सिंचाई के लिए पांच हॉर्स पावर तक के स्थाई एवं अस्थाई पंप पर निःशुल्क बिजली प्रदान की जायेगी । किसान कर्ज के बोझ से मुक्त हो और सम्मान के साथ सिर पर पगड़ी धारण कर सके. इसके लिए किसानों



का कर्ज माफ किया जायेगा। शिवराज सरकार में अत्याचार का विरोध करने पर किसानों के ऊपर अन्याय पूर्ण मुकद्दमे डाले गये हैं। दमनकारी कृषि कानूनों का विरोध करने, कथित विद्युत चोरी, उपज के विक्रय एवं खाद की कमी के कारण किसान आंदोलन में जिन किसानों पर आपराधिक प्रकरण दर्ज हुए हैं, उनकी समीक्षा कर यह मुकद्दमे वापस लिये जायेंगे। किसानों के कृषि उपयोग के पुराने बिजली बिल की बकाया राशि माफ की जायेगी । किसानों को 12 घंटे पर्याप्त और निपर्बाध बिजली उपलब्ध करायेंगे। कृषि की बढ़ती लागत और डीजल के आसमान छूते दामों को देखते हुए किसानों को राहत देने के लिए कॉग्रेस पार्टी कृषक न्याय योजना को प्रदेश में लागू करने के लिए वचनबद्ध हैं। हमने योजना के पहले चरण में कर्ज माफी की गारंटी दी है. हम दूसरे चरण में किसानों के खेतों की सिंचाई के लिये पांच हॉर्स पावर तक के पंपों के लिए निःशुल्क बिजली उपलब्ध करायेंगे । हम किसानों के दर्द को समझते हैं, बिजली की कमी, खराब ट्रांसफार्मर्स को बदलने, बिजली चोरी के झूठे आरोप और दमन के खिलाफ आवाज उठाने वाले किसानों के विरूद्ध दर्ज आपराधिक मामलों को भी वापिस लेंगे । मध्यप्रदेश का किसान और आमजन मंहगे बिजली बिल की वसूली और भारी बिजली कटौती से त्रस्त है। प्रदेश के शहर एवं गांवों में 10-10 घंटे अघोषित बिजली कटौती हो रही है। आमदनी के मामले में मध्यप्रदेश के किसान बहुत पीछे हैं। कॉग्रेस सरकार द्वारा पांच हॉर्स पावर के सिंचाई कनेक्शन पर बिजली मुफ्त देने से प्रदेश के करीब 37 लाख किसानों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा । शिवराज सरकार ने 2017 में मंदसौर में किसानों पर गोली चलाई थी । लेकिन अपने किसान विरोधी स्वरूप का परिचय देते हुए शिवराज सरकार ने आज तक मंदसोर गोलीकाण्ड की जांच रिपोर्ट विधानसभा के पटल पर नहीं रखी है। जब केन्द्र की श्री नरेन्द्र मोदी सरकार ने तीन काले कृषि कानून बनाए तो शिवराज सरकार ने उसका पूरा समर्थन किया । इन तीनों काले कानूनों का मकसद किसानों की जमीन कुछ पूंजीपतियों के हाथ में पहुंचाना था । प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से संदीप मिश्रा,श्रीमती रेखा भदौरिया, संतोष त्रिपाठी,बलराम जाटव,कृष्णा कुशवाह,प्रमोद दीक्षित आदि मौजूद रहे।

## सुमिषि अस्पताल परिसर पर प्रदेश कांग्रेस के नेतृत्व में खरगोन जिला अध्यक्ष द्वारा प्रेसवार्ता रखी गई

**खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजली टुडे**

पूर्व मुख्यमंत्री कांग्रेस कमलनाथ के निर्देश पर खरगोन जिला अध्यक्ष कांग्रेस व शहर अध्यक्ष के नेतृत्व में सुमिषि अस्पताल परिसर पर पत्रकारवार्ता रखी गई जिसमें कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कांग्रेस कमलनाथ द्वारा किसानों की समस्यायों के लिए कांग्रेस द्वारा बनाये गये घोषणा पत्र में शामिल किया गया पांच बिन्दु महत्वपूर्ण शामिल किये गए कांग्रेस जो कहती है वह करतीं हैं पिछ्ले चुनाव में कांग्रेस की सरकार बनी तो काफी किसानों के क़र्ज़ माफ़ किया गया ओर अब 2023/2024 में कांग्रेस सरकार बनी तो सबसे पहले जनता वह किसानो से किये गए वादे पुरे किया जायेगा खरगोन विधानसभा क्षेत्र के विधायक रवि जोशी ने बताया कि हल ही में आंधी तुफान तेज बारिश के काफी जनता एवं किसानों का नुक़सान हुआ है सबसे पहले स्पाट पर मैं खुद पहुंचा लेकिन सरकार ने आज तक न तो किसानों को न जनता को राहत राशि शीघ्र उपलब्ध नहीं कराई गई केवल कागज पर ही सिमित रह गई है इसी प्रकार खरगोन जिला अध्यक्ष कांग्रेस रवि नाइक शहर कांग्रेस अध्यक्ष पूर्णाठाकुर द्वारा भी प्रेसवार्ता में चर्चा कर बताया गया की किसानों की आय दोगुनी करने और खेती को लाभ का धंधा बनाने का वादा कर सत्ता में आई भाजपा सरकार के राज में मध्यप्रदेश में किसानों की आत्महत्याएं में नंबर 1 बन गया है और खेती लगातार महंगी होती जा रही है महंगा बिज महंगा खाद दवाई लेकर खेती कर रहे मध्यप्रदेश सरकार किसानों के उत्पादन जो निकलता गेहूं चना कपास तुवर सोयाबीन और भी फसलो के दाम भी बराबर दे पा रही है खेती करने हेतु बिजली भी महंगी किसान चौतरफा मार खा रहा है एक तरफ किसानों की वाहवाही लूटने में लगे हैं दुसरी तरफ किसान परेशान हैं पिछ्ले आठरह वर्षों से किसान गर्त में जा रहा है खेती छोड़कर अन्य व्यावसायिक में लग गया है रवि नाइक खरगोन जिला अध्यक्ष ने कहा गया की हम जिला कांग्रेस खरगोन की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री कांग्रेस कमलनाथ को धन्यवाद देते हैं की उन्होंने किसानों की परेशानियों को देखते हुए 15 महा की सरकार कई महत्वपूर्ण फेसले लिए है पुरे प्रदेश में 27 लाख किसानों के कर्ज माफी किया गया है उसी दिशा आगे बढ़कर कांग्रेस पार्टी आने वाले 2023 के चुनाव में प्रदेश के किसानों के लिए पांच बड़ी सौगात अपने वचन पत्र शामिल कर रही है।

## कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा ने की



**पुष्पांजलि टुडे, राजेश कुमार तिवारी ब्यूरो चीफ सतना**

आज भारतीय जनता पार्टी चित्रकूट विधानसभा का कार्यकर्ता सम्मेलन मझगवां में संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा प्रदेश मंत्री श्री राजेश पांडे जी विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री दर्शन सिंह चौधरी अध्यक्ष किसान मोर्चा मध्यप्रदेश भाजपा एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष माननीय श्री सतीश शर्मा जी ने किया। जिसमें सभी भाजपा पदाधिकारी मंडल पदाधिकारी पंच परमेश्वर त्रिदेव समिति बूथ समिति समिति सभी कार्यकर्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## बच्चों को आधुनिक शिक्षा के साथ संस्कार भी दें: महंत विष्णुदास

**पुष्पाजंली टुडे /नारायणलाल सेंणचा**



**बेंगलुरू।** समस्त होसूर प्रवासी के तत्वाधान में सीरवी समाज आईमाता वडेर में श्रीमद् भागवत कथा के चौथे के चौथे दिन संत महंत विष्णुदास व्यास ने आह्वान किया कि बच्चों को भौतिक सुविधाओं तथा कार बंगले के साथ संस्कारवान शिक्षा जरूर दे।हमारे बच्चों को श्रीराम जैसा आज्ञाकारी बेटा व एक अच्छा संस्कार वान व्यक्ति बनाना है तो बच्चों को संस्कारवान शिक्षा देना आज के युग की मांग है। उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में रहने की कला भारतीय संस्कृति सिखाती है।वसुदेव कुटुंबकम की भावना केवल और केवल भारत ही रखता है। कथा संस्कारों को सींखने का कार्य करती है। संस्कार ही जीवन के आधार है। इस अवसर पर कथा के प्रायोजक तिलोकचंद परिहारिया, तुलसाराम चावंडिया, रामचंद्र चोयल, गेनाराम परिहार, रमेश बर्फा ,राजेश बर्फा, भगाराम भायल, दलाराम गहलोत,चुन्नीलाल बर्फा, गोरधन पटेल, श्रवण कुमावत, खीवाराम पंवार,रामलाल बर्फा, हेमाराम गहलोत, नेमाराम परिहारिया, माणकचंद परिहार,चेनाराम पंवार, सुखलाल मुलेवा, लच्छाराम हांम्बड, किशन सिंदडा, ओमप्रकाश सोलंकी, मुलाराम राठौड़ समेत बड़ी संख्या में श्राद्धालु मौजूद थे। ये जानकारी सूचना मंत्री लक्ष्मणराम परिहारिया द्वारा दी गई।

## मीठे वचनों से प्रेम के पुल बनते हैं वहीं कड़वे वचनों से द्वेष की दीवारे खड़ी होती है : मुनि राजपद्मसागरजी म.सा

**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलुरू।** श्रीरामपुर स्थित जे.पी.पी श्रमणी भवन में श्रद्धालु श्रावक श्राविकाओं को पचन पूण्य के विषय में समझाते हुए मुनि श्री राजपद्मसागरजी म.सा ने कहा बोलने से पहले सौ बार सोचना चाहिए, अच्छे वचन, अच्छे शब्द बोलकर अपना व्यवहार अच्छा बनाए, हमे एसी वाणी का प्रयोग कभी नहीं करना चाहिए, जो हमारे परिवार और रिश्तों में दरार, नफरत पैदा करे। हमे सदा ऐसी भाषा का इस्तेमाल करना चाहिए जो रिश्तों में प्रेम, मीठास और सामंजस्य बड़ाए। म. साने कहा कि शरीर में सबसे अच्छा अंग जुबान है और सबसे बुरा भी जुबान है। अगर हम इसका सही



तरीके से इस्तेमाल करे तो टूटे रिश्तों को भी जोड़ देती है और गलत इस्तेमाल करे तो प्रेम भरे रिश्तो में भी दरार डाल देती है । हमें अपनी जुबान का कैंची की तरह इस्तेमाल नही करना चाहिए अपितु हमेशा सूई-धागे की तरह इस्तेमाल करना चाहिए। ताकि हम सबके भीतर प्रेम और शांति बनी रहे। मुनि श्रमणपद्मसागरजी म.सा ने कहा कि जैसे जल का स्वभाव शांत है, स्वच्छ है। उसका जो मूलस्वरूप है वैसे ही आत्मा का भी मूल स्वरूप स्वच्छ है, पर अनादि काल संसार सागर में भटकते हुए आत्माने कर्मो का उपार्जन किया है, इसीलिए परमात्मा की जल पूजा करते-करते जो अनादि काल से मेल है उसको दुर करना है, जब शीतल रहेता वैसे मेरा कषाय भी शांत हो वैसी दीक्षा मुझे दो प्रभु--30 जुलाई रविवार को मातृ पितृ वंदना शिविर सुबह 8 बजे होगा।

## अखिलेश शर्मा मऊगंज जिले के पेंशन बहाली संघ के जिला अध्यक्ष मनोनीत

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे**
**शिवम तिवारी ब्यूरो चीफ रीवा**



**रीवा।** न्यू मूवमेंट फार ओल्ड पेंशन संघ मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष सतेन्द्र सिंह तिवारी ने प्रदेश कार्यकारिणी, संभाग, जिला कार्यकारिणी की सहमति से नवीन गठित जिला मऊगंज के जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है, शीघ्र ही जिला अध्यक्ष व्दारा जिला ब्लाक कार्यकारिणी घोषित कर मध्यप्रदेश में पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन को आगे बढ़ाएंगे, तथा पेंशन नहीं तो वोट नहीं नारे को बुलंद बनाते हुए मऊगंज जिले के समस्त विभागों के एनपीएस अधिकारी कर्मचारियों को संघ से जोड़कर पेंशन नहीं तो वोट नहीं महाशपथ सम्मेलन का आयोजन करेंगे, जिला अध्यक्ष मनोनीत होने पर, प्रदेश पदाधिकारी महेश पाण्डेय, निर्मला व्दिवेदी संभाग अध्यक्ष बबलू प्रजापति, उमेश मिश्रा,मीना दुवे संतोष व्दिवेदी हनुमना, जयकरण रावत यहशानुल अंबिया अंसारी समसुद्दीन कुरैशी ब्लाक अध्यक्ष मऊगंज राजकुमार साकेत, ब्लाक अध्यक्ष हनुमना अम्बरीष पटेल, ब्लाक अध्यक्ष नईगढी नागेन्द्र सिंह,चन्द्रप्रताप शुक्ला जिला अध्यक्ष रीवा नरेंद्र शुक्ला सतना परशुराम व्दिवेदी, सिंगरौली राजकुमार यादव विभा सिंह, मुनि पाण्डेय व्दिजेन्द्र नाथ मिश्रा, अलका तिवारी गीता शुक्ला, सविता तिवारी, सुनीता सांवले, सावित्री पटेल सहित सैकड़ों रीवा जिला एवं संभाग पदाधिकारियों ने बधाई दिया है।

## मध्य प्रदेश के सतना जिले में 10 वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म के बाद आरोपियों के घर पर चला मामा का बुलडोजर मैहर में छावनी में तब्दील रहा पुलिस बल

**संभागीय ब्यूरो विवेक तिवारी**

खबर मध्य प्रदेश के सतना जिले से जहां बीते दिन एक 10 वर्षीय मासूम किशोरी से दो आरोपियों ने दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देकर उसके साथ अमानवीय कृत्य किया था जिसके बाद राजनीति भी गरमा गई थी पक्ष विपक्ष एक दूसरे पर आरोप लग रहे थे जहा तुरंत बाद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा ट्वीट किया गया और तत्काल ही आरोपियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया था और बुलडोजर चलाने की बात कही गई थी जहां आज प्रशासन के द्वारा दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने वाले दोनों आरोपियों के घर पर शिवराज मामा का बुलडोजर चला है ।आपको बता दें कि बुल्डोजर अभियान चलाने के बाद भी अपराधी अपराध करने से बाज नहीं आ रहे हैं अब दरिंदों ने नाबालिग किशोरियों को अपना निशाना बना रहे हैं वही मैहर के अस्साल में रेप पीड़िता को भर्ती करवाया गया था जहा मैहर अस्पताल के डॉक्टर बच्ची की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने रीवा के संजय गांधी अस्पताल के लिए रेफर कर दिया था जहां देर रात किशोरी रीवा के संजय गांधी अस्पताल पहुंची जहां डॉक्टरों की टीम के द्वारा किशोरी का रात्रि में ही ऑपरेशन किया गया है आपको बता दें कि दोनों आरोपियों को मैहर पुलिस के द्वारा घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया गया था और उन्हें न्यायालय में पेश करके जेल भेज दिया गया है।



## विधानसभा अध्यक्ष करेंगे रीवा गोल्ड कप फुटबाल प्रतियोगिता का समापन

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे**
**शिवम तिवारी (ब्यूरो चीफ रीवा)**



रीवा। नवनिर्मित स्पोर्ट्स काम्पलेक्स रीवा में अखिल भारतीय रीवा गोल्ड कप फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन खेल एवं युवक कल्याण विभाग तथा पंडित भैयालाल शुक्ल सेवा संस्थान द्वारा किया जा रहा है। प्रतियोगिता का समापन 30 जुलाई को होगा। विधानसभा अध्यक्ष श्री गिरीश गौतम समापन समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। समापन समारोह शाम 4 बजे आरंभ होगा। समारोह की अध्यक्षता अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा के कुलपति डॉ राजकुमार आचार्य करेंगे। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद श्री जनार्दन मिश्रा, पूर्व मंत्री एवं विधायक रीवा श्री राजेन्द्र शुक्ल, विधायक गुड़ श्री नागेन्द्र सिंह तथा अध्यक्ष नगर निगम रीवा श्री व्यंकटेश पाण्डेय शामिल होंगे। समारोह में कमिश्नर रीवा अनिल सुचारी, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक केपी व्यंकटेश्वर राव, पुलिस उप महानिरीक्षक मिथिलेश शुक्ला, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह भी समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

## त्योंथर का सबसे लोकप्रिय धार्मिक स्थल अनदेखी का शिकार, मामला अड़गड़ नाथ धाम का

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे**
**शिवम तिवारी (ब्यूरो चीफ)**



**रीवा।** त्योंथर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सोहागी पहाड़ स्थित क्षेत्र का सबसे लोकप्रिय धार्मिक स्थल लंबे समय से अनदेखी का शिकार हो रहा है। अड़गड़ नाथ धाम हमेशा से ही आस्था का केंद्र रहा है जिसकी वजह से आसपास सहित दूरदराज से श्रद्धालु पहुंचते हैं। उक्त धार्मिक स्थल पर यूपी एमपी दोनों सीमाओं के भक्तगण आते हैं। इसके बावजूद जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा इसे भव्य और विकसित करने की पहल नहीं कर पा रहे हैं। जबकि यह हाईवे से पूरी तरह जुड़ा हुआ है। मंदिर परिसर में प्रतिवर्ष लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं इसके उपरांत मंदिर परिसर में स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था, पानी, आवागमन हेतु सड़क सहित अन्य आवश्यकताओं पर नजरअंदाज हो रहा है। बता दें कि मंदिर पहुंचने हेतु दो मार्ग हैं जिसमें पहला सीढ़ियों के द्वारा व दूसरा कच्ची सड़क जो हाईवे से डायरेक्ट मंदिर परिसर तक जाती है। इस मार्ग से छोटे बड़े सभी वाहनों का आवागमन होता है। सीढ़ियां हाईवे से लगा हुआ है इसलिए अत्यधिक वाहन खड़े होने पर सड़क दुर्घटना की संभावना सहित सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से भक्तगण सड़क मार्ग से मंदिर परिसर में पहुंचते हैं। मंदिर परिसर में गीत संगीत, कथा, भंडार अथवा अन्य कार्यक्रम करने वाले भक्तजनों को यह मार्ग सबसे सरल नजर आता है। लोगों का कहना है कि कम से कम हाईवे से मंदिर परिसर तक 30 फुट चौड़ी पक्की सड़क का निर्माण किया जाना चाहिए जिससे उबड़ खाबड़ रास्ते से राहत मिले और स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था, पानी, बैठने की उचित व्यवस्था, डेकोरेशन सहित विभिन्न बिंदुओं पर पहल होनी चाहिए।

## रीवा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में चोरों का आतंक सुरक्षा गार्डों की लापरवाही सामने आई

### अस्पताल के अंदर आए दिन चोरी का सिलसिला जारी जिम्मेदार मौन दैनिक पुष्पांजलि टुडे

**शिवम तिवारी (ब्यूरो चीफ रीवा)**



रीवा। प्रशासन के द्वारा कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए कई तरह के प्रयास कर रही है।वही बात की जाए रीवा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में सुरक्षा गार्डों के जिम्मेदारों की लापरवाही सामने आई जहां आपको बता दें।सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में दूर-दूर से मरीज इलाज कराने के लिए आते हैं साथ ही मरीज के परिजन भी आते रहते हैं। जहां सामग्री लेकर तो आते हैं लेकिन सुरक्षा गार्ड की लापरवाही सामने आई है आए दिन चोरी की घटनाएं होती रहती है। वही बात की जाए कि सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में सीसीटीवी कैमरा भी लगा हुआ है। लेकिन किसी के सीसीटीवी कोई लेकिन प्रभाव नहीं पड़ता है और चोरी की घटनाएं में लगातार इजाफा हो रहा है जहां सुरक्षा गार्ड की वह संबंधित की लापरवाही सामने आई है। जहां चोर घूमते रहते हैं बाहर से आने वाले मरीजों के परिजन बैग भोजन कपड़ा आवश्यकता अनुसार घरेलू सामग्री भी लाते हैंलेकिन चोरों के द्वारा बैग को ही पार कर दिया जाता है वहीं जूता चप्पल पहने रहते हैं। मरीजों को मिलने के लिए जूता चप्पल को बाहर उतारा जाता है चोरों के द्वारा महंगा महंगा जूते चप्पलों को पार कर देते हैं चोर। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अस्पताल के अंदर मोबाइल की चोरी की घटनाएं भी कई हो चुकी है। पीड़ितों के द्वारा संबंधित एवं सुरक्षा गार्डो से कई बार शिकायत की गई।अस्पताल में पदस्थ जिम्मेदारी की घोर लापरवाही सामने आई है। वहीं अस्पताल प्रबंधन की भी कहीं न कहीं लापरवाही सामने आई है।अब यह देखना होगा कि जिला प्रशासन के द्वारा संबंधित पर कोई कार्यवाही निर्देश देती है।कि यूं ही लापरवाही करते रहेंगे।

# सोचें, अच्छा क्या बचा?

सचमुच 'अच्छा' कुछ भी नहीं! अधिकांश लोग या तो अपना रोना लिए मिलेंगे या भक्ति में बेसुध। आप कह सकते हैं कि ऐसा मैं पूर्वाग्रह में लिख रहा हूं। मैं खुद मानता हूं कि दिमाग-बुद्धि की झनझनाहट में 'अच्छा' यदि खत्म हुआ लग रहा है तो ऐसा होना उम्र व अनुभव की वजह से है। हो सकता है नौजवान ऐसा न सोचें। आखिर उसने देखा ही क्या है। सो, गपशप मेरे परस्पेशन से है। मेरी दो टूक मान्यता है कि भारत का फेब्रिक बिगड़ गया है। भारत के मौजूदा वक्त, मौसम, परिवेश, ढांचे, बुनावट-बनावट और जिंदगी में पुराना 'अच्छा' सब खलास है। जलवायु, आबोहवा ऐसी बिगड़ी है कि मैं गर्मी, ह्यूमिडिटी से तौबा किए हुए हूं। सावन अब काटता है! झुलसाता है। घर से बाहर निकलने, सफर की इच्छा ही नहीं बनती है। पार्लियामेंट जा कर क्या करें? धरा क्या है वहां? मंत्रियों, नेताओं से क्या मिलें? इनकी दुकान में बचा क्या है? खबरों को क्या जानें जब झूठमेव सत्य है। संघ-भाजपा, कांग्रेस, आप या एक्सवाई पार्टी-संगठन की क्या खेर-खबर लें जब सभी वक्त काटते हुए हैं।

कभी नई दिल्ली में संसद, आईएनएस, सेंट्रल हॉल, पार्टी दफ्तर, मंडी हाउस एरिया में जानने-सुनने-देखने-समझने के दसियों चेहरे, तौर-तरीके हुआ करते थे। अफसरों-सचिवों-दलालों सबके बीच में बहुत कुछ होता रहता था। उनमें जानकारी थी, समझदार इंसानों जैसा व्यवहार था और अब? भगवान मालिक है। मानों ईश्वर का दिल्ली को, देश को कोई श्राप मिला है जो न गर्मजोशी, न मेल-मुलाकात, न बहस, न विचार और न निर्भयता याकि स्वतंत्रता, कलात्मकता, सृजनात्मकता, सत्य शोध कुछ भी नहीं बचा। पता नहीं जॉर्ज ऑरवेल यदि जिंदा होते और आज के भारत और उसके मुख्यालय नई दिल्ली को देखते तो वे अपने 'एनिमल फार्म' में कितनी तरह के ठूंठ, गंवार, मूर्खों के प्रतिनिधि पशुओं का उपन्यास रचते!

निश्चित ही जलवायु, मौसम ने पशुओं में भी घबराहट-बेचैनी बनाई होगी। आखिर मोदी के भारत में चीते भी जब मर रहे हैं तो ऐसा कुछ तो है, जिससे सबका जीना दूभर हुआ पड़ा है। बावजूद इसके जीना तो है, फिर भले भन्नाए रहते हुए जीयें। इस सप्ताह 'ओपेनहाइमर' फिल्म देखने की इच्छा हुई लेकिन सिनेमा टिकट की रेट सुन भन्नाहट बनी। फिल्म के बाद रेस्टोरेंट में पेट पूजा का तो बिल देख कर सोचना हुआ कि यदि एक छोटे मॉल में खाना इतना मंहगा है तो फाइव स्टार होटलों में क्या होता होगा? मेरा एक जानकार पुराना मकान व कार बेचकर नई खरीद की कोशिश में है तो उसकी अस्सी लाख रुपए में खरीदी कारों के पांच लाख रुपए नहीं मिल रहे हैं। ऐसे ही उसके पुराने मकान की सही रेट नहीं मिल रही,जबकि नए दो-दो कमरे का फ्लेट तीन-चार करोड़ रुपए की रेंट में!

मुझे विश्वास नहीं हुआ एक नोजवान की इस बात पर कि उसने 2022-23 में क्रेडिट कार्ड के जरिए खरीदरी में ब्याज, लेट फीस व जीएसटी चार्ज में कोई साढ़े तीन लाख रुपए बैंक को दिए। सोचें, नई नौजवान पीढ़ी आंख मूंदकर डिजिटल पेमेंट, क्रेडिट कार्ड से जैसे खरीदारी करती है तो उन्हें अलग-अलग चार्ज, जीएसटी में कितना लूटा जा रहा है! लेकिन इन नौजवानों को न सुध है, न उनके बस में शोर कर, जवाब मांगना या गुस्सा जाहिर करना है।

निश्चित ही मैं दिल्ली की हकीकत पर बात कर रहा हूं लेकिन मेरा मानना है पूरा देश गर्म, चिपचिपी, लावारिस पर महंगी व खोखली जिंदगी भोगता हुआ है। गौर करें भारत की संसद, कार्यपालिका, सुप्रीम कोर्ट, नरेंद्र मोदी, अमित शाह या विपक्ष के तमाम चेहरों पर। क्या इन सबसे 140 करोड़ लोगों के लिए ऐसा कुछ भी है, जिससे ताजगी, हरियाली, जिंदादिली, स्फूर्ति, शारीरिक-मानसिक और खुशहाली की आर्थिक ऑक्सीजन प्राप्त हो। सब सड़ांध भरी कार्बन डाईआक्साइड छोड़ रहे हैं और दिल-दिमाग में जुगुप्सा बनाते हैं।

## मोदी राज

परसों नरेंद्र मोदी सीकर में भाषण करते दिखलाई दिए। कुछ क्षण देख मैं अपने आप नरेंद्र मोदी के चेहरे, होंठ, जुबान और लाल किताब जैसे जुमलों पर उनके 2014 से पहले के चेहरे को याद करने लगा! मैंने 2014 से पहले अनेकों बार खासकर 2012 के गुजरात विधानसभा चुनावों में नरेंद्र मोदी के कई भाषण सुने थे। मेरा मानना है उस वक्त के सच और आज के झूठ ने नरेंद्र मोदी के चेहरे की भाव भंगिमा को गजब बदला है। इतना कि अब वे अपने भक्तों के मानों कथावाचक हैं। वैसे ही जैसे इस सप्ताह मालूम हुआ कि बागेश्वर धाम के धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री लंदन में यह कथावाचन कर रहे हैं कि पहले हम अंग्रेजों से सुनते थे लेकिन अब अंग्रेज हमसे सुनते हैं। मैं कोहिनूर लाऊंगा। और उनकी बातें सुन पढ़े-लिख एनआरआई तालियां बजाते हुए!

उफ! बागेश्वर के धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का मोदी राज में हिंदुओं का वैश्विक आध्यात्मिक दूत होना। विश्व संत होना! ऐसे ही इस सप्ताह संसद में विदेश मंत्री जयशंकर विपक्ष के 'इंडिया' पर तंज कसते हुए सुनाई दिए। उन्होंने इंडिया की उपलब्धियों में मोदीजी की यात्राएं गिनाईं। मतलब फलां-फलां जगह गए! जाहिर है जैसे भारत के विदेश मंत्रालय के बाबू लोग नेता-मंत्री के दौरे, उनकी यात्रा से अपनी बाबूगिरी की एसीआर को चमकाते हैं वैसे ही जयशंकर विदेश मंत्री बन कर भी वही कर रहे हैं जैसे बतौर एक बाबू पहले करते थे। या जैसे मोदी राज में तमाम बाबू याकि रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास, नीति आयोग के अमिताभ कांत, हरदीप पुरी, आरके सिंह, अजित डोवाल आदि ने देश के हर क्षेत्र में भक्ति में शक्ति, आबोहवा में सीलन, गुलामी बना देश को भटकाया और भ्रमित किया हुआ है।

मैंने संसद को काम करते देखा है। बहस और मंत्रियों-नेताओं के विवेकपूर्ण भाषण सुने हैं। देश के विकास, विदेश नीति, सुरक्षा, ऊर्जा, शिक्षा, धर्म या संस्कृति आदि के मंत्रियों-नियंताओं को काम करते देखा है। उन्हें संवेदनशीलता से विचार-विमर्श में सामूहिक फैसले लेते हुए देखा है। नेताओं-नियंताओं की भी स्वतंत्र-मस्त-जिंदादिली देखी है। उन्हें पढ़ते-लिखते देखा है। तभी तो सवाल है कि 'अच्छा' अब है कहां?

इसी सप्ताह जाना कि मोदी सरकार एक कानून बना रही है, जिसमें सरकार जिसे पुरस्कार देगी उससे एक अंटरटेकिंग लेगी कि वह बाद में पुरस्कार वापस नहीं करेगा। क्या किसी जिंदा कौम, जिंदा नस्ल में ऐसा मूर्खपना संभव है, जो स्वतंत्र मूर्धन्यता, विशिष्टता-श्रेष्ठता विशेष का राष्ट्रीय गौरव जान उसके सम्मान से पहले व्यक्ति से गांरटी लें कि सम्मान तो नहीं करोगे। मैंने तो नहीं सुना की किसी औरंगजेब ने या अंग्रेज ने सम्मान के साथ ऐसी गंवार शर्त सोची।

तभी लोगों के मान-सम्मान, गरिमा के साथ देश की सुरक्षा, विदेश और गृह नीति सबका भगवान मालिक। चीन की धौंस जगजाहिर है। विदेश नीति में जयशंकर की कूटनीति सिर्फ पश्चिमी नेताओं से प्रधानमंत्री मोदी को गले लगवाने, फोटोशूट का मकसद लिए हुए है। और वह भी यह जानते हुए कि बाइडेन, मैक्रों या खाड़ी का अमीर अपना उल्लू साधते हुए मोदी से गले मिल रहे हैं, जबकि हकीकत में न वे मोदी के साथ कंफर्ट में हैं और न खुद मोदी का उनसे कंफर्ट है। असलियत में नरेंद्र मोदी का कंफर्ट व धंधा-व्यापार पुतिन या शी जिनफिंग जैसों से है। पश्चिमी नेताओं से गले लगने, जी-20 की मेजबानी सचमुच इसलिए है क्योंकि एनआरआई भारतीयों और भक्त हिंदुओं की मनोदशा में लंदन, अमेरिका याकि पश्चिम से मान्यता व गौरव की भूख पुरानी है।

ऐसा पंडित नेहरू के समय भी था। नरसिंह राव, वाजपेयी व डॉ. मनमोहन सिंह के वक्त भी था। मगर तब और अब का फर्क है जो तब विवेकानंद, महर्षि अरविंद, जे कृष्णमूर्ति, आचार्य रजनीश, स्वामी प्रभुपाद, महेश योगी आदि बुद्धि-तर्क-भक्ति दर्शन से पश्चिम को मोहित करते थे जबकि अब नरेंद्र मोदी और आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री लंदन में अपने श्रद्धालुओं की भीड़ से विश्व गुरूता की झांकी बनाते हैं।

यह सब जुगुप्साजनक है। अच्छा फील होना तो दूर वितृष्णा पैदा होती है। संसद की तस्वीरें दिखती हैं तो समझ नहीं आता क्या यह वही संसद है जो कभी थी? इस सप्ताह कई बार ओम बिरला, जगदीप धनकड़, अमित शाह के चेहरे दिखलाई दिए? मैं तीनों को देख कर बार-बार हैरान हुआ ये कैसे हो गए? क्या हो गए?

जाहिर है सब बिगड़ गया! जलवायु, प्रकृति, जीवन ही नहीं बदला है, बल्कि मनुष्य का वह मूल, दिमाग और समाज का वह फेब्रिक भी खत्म है जो मनुष्य बनाम पशु जीवन का बेसिक मानसिक फर्क है।

# वे दिन थे अच्छे जब...

पूछ सकते हैं भारत में अच्छे दिन कब थे? तब जब वक्त बिना जलवायु परिवर्तन के था। मौसम की ऊंच-नीच ढर्रे में थी। संसद सत्र में अटल बिहारी वाजपेयी के भाषण होते थे, बहस होती थी। लोकसभा में जाट स्पीकर बलराम जाखड़ भी वाजपेजी, आडवाणी, इंद्रजीत गुप्ता, मधु दंडवते सबको बोलने देते थे। सांसद के माइक की आवाज तब गुल नहीं हुआ करती थी! 1983 में जब असम मध्य के 14 गांवों का नेल्ली (Nellie) नरसंहार हुआ था तो पूरे देश ने तत्काल खबर जानी थी। मीडिया ने फटाफट रिपोर्टिंग की थी। भारत की संसद के दोनों सदनों ने बाकी काम छोड़ कर उस त्रासदी पर बहस की। अपना क्षोभ प्रगट किया। दोनों सदनों के सदस्यों ने मृतकों के प्रति संवेदना प्रगट करते हुए मौन रखा। प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आलोचना सुन घटनाक्रम पर अपना भी क्षोभ जाहिर किया।

ध्यान रहे असम की उस घटना के आगे मणिपुर की ताजा घटना प्रदेश-समाज विभाजन है। मणिपुर अब इतना विभाजित है कि खुद भारत सरकार को महिला के सामूहिक बलात्कार, नंगी महिलाओं के जुलूस के मुकदमें की सही सुनवाई के लिए असम में मुकदमें की सुप्रीम कोर्ट से अनुमति मांगनी पड़ रही है। प्रदेश में दोनों समुदाय एक-दूसरे के जानी दुश्मन बन गए हैं। उसकी वैश्विक चर्चा है। लेकिन संसद, सरकार और प्रधानमंत्री मृतकों के लिए दो मिनट का मौन तो दूर बहस तक से कन्नी काटे हुए हैं। उलटे इस पर चुनाव के वोट पकाने की राजनीति है।

'अच्छा' था तब जब भाजपा में भी वाजपेयी बनाम आडवाणी, डॉ. स्वामी बनाम वाजपेयी, उदारवादी बनाम हार्डकोर, विजय कुमार मल्होत्रा-सहानी-खुराना-सिकंदर बख्त बनाम अरूण जेटली, विजय गोयल की नई पीढी की खींचतान थी। झगड़े, प्रतिस्पर्धा की राजनीति थी। तब भाजपा में गुलामी नहीं थी। नेताओं को सांप सूंघा नहीं रहता था। मोदी व शाह जैसों की न भक्ति थी और न खौफ था। तब भाजपा, जिंदादिल मर्दों की, गांधीवादी समाजवाद बनाम हिंदू राजनीति जैसे दिखावे के ही सही ही, मतभेद लिए हुए होती थी।

पत्रकारिता, मीडिया, अदालतों, अफसरशाही के तब के अच्छे दिनों की याद कराऊंगा तो किताब लिख जाएगी। इसलिए नई दिल्ली की धड़कती जिंदगी की तब की तस्वीरों को ही कुछ याद करें। बोट क्लब पर तब रैलियां होती थी। रामलीला मैदान विरोध की आवाजों से गूंजा करता था। जिस प्रगति मैदान को प्रधानमंत्री मोदी ने नए पत्थरों से अभी सजाया है उसमें चित्रकलाओं का वैश्विक लेवल का त्रिनाले हुआ करता था। नाटक होते थे। फिल्मों के शो हुआ करते थे थीम विशेष पर। बंगाली मार्केट का पूरा चौराहा संगीत, नाटक, साहित्य-संस्कृति के इंद्रधनुषों-विविधतओं को देखने-सुनने और मजा लेने का सेंटर प्वांइट हुआ करता था।

तब कला थी। ज्ञान था। बुद्धि थी। साहित्य था। वह राजनीति थी, जिससे जनता का धड़कता जुड़ाव था। जनता से, उनके सरोकारों से और संवेदनाओं की राजनीति थी न कि भगवान और भक्ति का गंवारपना। संसद भवन के केंद्र से फैली सभी सड़कों पर स्थित सांसदों के घरों में तब लोगों का जमावड़ा लगा रहता था। लोगों के काम होते थे। जन प्रतिनिधि अपने-अपने इलाके के लोगों के काम लेकर अफसरों, मंत्रियों के यहां जाया करते थे। वे काम करते थे, काम कराते थे और लोकतंत्र तब बाबूतंत्र नहीं था जैसा की आज है और जिसकी हकीकत में भाजपा का सांसद अपने इलाकों में जनता के बीच यह कहते हुए मुंह चुराए होता है कि मेरी तो कुछ चलती ही नहीं।

तभी सब 'अच्छा' खत्म है! पहले रेहड़ी वाले के लिए भी अधिकार के कानून बनते थे। बेरोजगारों के लिए मनरेगा कानून बना। नागरिक की सूचना के अधिकार का कानून बना। गरीब के नाम पर बैंकों का राष्ट्रीयकरण हुआ तो नरसिंह राव ने तो पूरे मध्य वर्ग के लिए, देश के लिए सुधारों का पिटारा खोल दिया था। हर रेल बजट तब सफर किराए तथा भाड़े की जवाबदेही लिए होता था। आलू-प्याज के दाम बढ़ते थे या हवाई जहाज का किराया बढ़ता था तो संसद में हंगामा बरप पड़ता था। और अब?

# सब कुछ नकली और दिखावा

देश की राजनीति और समाज में सब कुछ बदल गया है! सारी चीजें नकली और दिखावे वाली हो गई हैं! दिखावे का दुख है, दिखावे के आंसू हैं, दिखावे का गुस्सा है, दिखावे का प्यार है और यहां तक कि अर्थव्यवस्था के आंकड़े भी दिखावे के हैं, नकली हैं या आधे अधूरे हैं। जिन आंकड़ों को हार्ड फैक्ट कहा जाता है वह भी फैक्ट नहीं होकर नकली है। उपलब्धियों का झूठा बखान है और लोगों का कल्याण कर देने, देश को बदल देने का झूठा आख्यान है। ऐसा नहीं है कि नेता पहले सत्यवादी हरिश्चंद्र होते थे और झूठ की शुरुआत अभी हुई है। लेकिन पहले सच और झूठ का, असली और नकली का एक संतुलित अनुपात होता था। अब वह अनुपात बिगड़ गया है। अब धीरे धीरे सच की मात्रा घटते घटते लुप्त हो गई है। अब सिर्फ झूठ चल रहा है। अब सिर्फ झूठे नेरेटिव हैं, झूठी कहानियां और झूठे दावे हैं।

राज्यसभा में पिछले दिनों कांग्रेस सांसद अमी याज्ञनिक ने पूछ दिया कि मणिपुर में महिलाओं के साथ हुए दुर्व्यवहार पर महिला व बाल विकास मंत्री कुछ क्यों नहीं बोल रही हैं तो महिला और बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी का जो रौद्र रूप दिखा वह हैरान करने वाला था। उनका गुस्सा, उनका चीखना-चिल्लाना सब नकली था, दिखावा था और अभिनय के लंबे प्रयास से साधा हुआ था। वह उतना ही नकली था, जितना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मणिपुर के मसले पर दुख जताना था, जिसे लेकर 'द टेलीग्राफ' अखबार ने घड़ियाली आंसू की हेडिंग बनाई थी। मणिपुर में करीब तीन महीने से हिंसा चल रही है। सैकड़ों लोग मारे जा चुके हैं, हजारों लोग विस्थापित हुए हैं और राहत शिविरों में रह रहे हैं। महिलाओं पर अत्याचार की सैकड़ों घटनाएं हुई हैं, जैसा कि खुद भाजपा के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने कहा। निश्चित रूप से प्रधानमंत्री और महिला व बाल विकास मंत्री को इसकी जानकारी मिलती होगी। लेकिन 77 दिन में न प्रधानमंत्री ने एक बार दुख जताया और न महिला व बाल विकास मंत्री का गुस्सा दिखा। दुख और गुस्सा तब दिखा, जब वायरल वीडियो से दुनिया में बदनामी होने लगी और सवाल पूछा जाने लगा।

*ऐसा नहीं है कि नेता पहले सत्यवादी हरिश्चंद्र होते थे और झूठ की शुरुआत अभी हुई है। लेकिन पहले सच और झूठ का, असली और नकली का एक संतुलित अनुपात होता था। अब वह अनुपात बिगड़ गया है। अब धीरे धीरे सच की मात्रा घटते घटते लुप्त हो गई है। अब सिर्फ झूठ चल रहा है। अब सिर्फ झूठे नैरेटिव हैं, झूठी कहानियां और झूठे दावे हैं।*

लेकिन वह दुख और गुस्सा भी कई शर्तों के साथ है। इन सवालों के साथ कि आप बंगाल पर क्यों नहीं बोलते या आप राजस्थान पर क्यों नहीं बोलते या आप तब कहां थे, जब अमुक जगह ऐसी ही घटना हुई थी? सोचें, क्या किसी मानवीय त्रासदी के समय ऐसे सवाल पूछे जा सकते हैं? पर आज हर घटना के बाद यह सवाल पूछा जाता है। पहले किसी भी मानवीय या प्राकृतिक त्रासदी के बाद की प्रतिक्रिया स्वाभाविक होती थी, उस पर स्वाभाविक रूप से चर्चा होती थी और सहज भाव से दुख प्रकट किया जाता था। लेकिन अब ऐसा नहीं होता है। अब सब कुछ नकली होता है। इन शर्तों के साथ होता है कि आप मणिपुर पर चर्चा कराना चाहते हैं तो हम उसमें राजस्थान, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल भी जोड़ कर चर्चा कराएंगे। सोचें, क्या लोकतंत्र इस तरह काम करता है कि तुम हमारे शासन वाले राज्य की मानवीय त्रासदी का जिक्र मत करो वरना हम तुमको भी कठघरे में खड़ा करेंगे?

*शेष गपशप हाल-फिलहाल पेज पर...*

# जिल्लेसुब्हानी की विदाई के गगनीय संकेत



■ पंकज शर्मा

*2024 अपने पर भारी पड़ता देख जिल्लेसुब्हानी इन दिनों बिना सोचे-समझे अपनी बनेटी घुमा रहे हैं। विपक्षी राजनीतिक दलों की तुलना वे आतंकवादी संगठनों से करने लगे हैं। वे पहले हैं, जो विपक्ष को ले कर अपने मुखारविंद का गटरीकरण करने में भी नहीं हिचक रहे हैं। दायित्व बोध के सिंहासन पर बैठ कर आंय-बांय-शांय की ऐसी बारिश करने वाले वे भारत के पहले राजनीतिक हैं।*

बेहयाई है, हताशा है या भीतर का असहाय-भाव -- मैं नहीं जानता। ऐंठ है, घमंड है या सर्वशक्तिमान होने का थोथा अहसास -- मैं नहीं जानता। लेकिन इतना मैं ज़रूर जानता हूं कि इन दिनों जिल्लेसुब्हानी की ज़ुबां से जो पतनाला बह रहा है, उन की देह भाषा जिस तरह अष्टावक्री हो गई है और उन के मनोभाव जितनी अशुचिता की तरफ़ लुढ़कते जा रहे हैं, वह उन के दिन लद जाने का गगनीय संकेत है। जिल्लेसुब्हानी थे तो शुरू से ही ऐसे, मगर उन की ताज़ा बेचैनी, बेताबी, हड़बड़ी और सनक देख कर हर समझदार देशवासी स्तब्ध है। उन के तालठोकू बदन से झांकती आंखों से रिसती कातरता देख कर आजकल मुझे उन पर सचमुच तरस आने लगा है।

जिल्लेसुब्हानी का आत्मविश्वास बुरी तरह डिगा हुआ दिखाई देने लगा है। जो थोड़ा-बहुत धैर्य उन में था, वह भी लगता है कि पेचीदा मसलों से आंख चुराने की वज़ह से मुट्ठी से फिसलता जा रहा है। उन के ओढ़े हुए पराक्रम का मुलम्मा बेतरह पिघल गया है। उन की आभ्यंतरिक भीरुता का कुरूप कंकाल आवरण चीर कर बाहर आता जा रहा है। हर मुश्क़लि को चुटकी बजाते हल कर लेने का दावा करते नहीं अघाने वाले जिल्लेसुब्हानी अब ज़रा-सी मुश्क़लि आते ही ताताथैया करने लगते हैं। उन की संवेदनाएं जनम से ही सूखी हुई थीं। अब तो वे राख ही हो गई हैं। इसलिए उन्हें न तो स्त्रियों के चीरहरण, सतीत्वहरण और हत्याओं के चलचित्र विचलित कर रहे हैं और न वंचित वर्ग की लगातार दुरूह होती जा रही ज़िंदगी की गाथाएं।

कुंठा, ईर्ष्या और प्रतिशोध महामना बनने की राह के सब से बड़े व्यवधान हैं। इसलिए जिल्लेसुब्हानी की गोद में गिरे इतने बड़े अवसर की सात साल पूरे होते-होते पपड़ियां उखड़ने लगीं और नौ साल पूरे होते-होते परखच्चे बिखर रहे हैं। अगर वे थोड़े-से सहृदय होते, अगर वे अपनी कुढ़न पर काबू रख पाते और अगर इंतकाम लेने पर इतने उतारू न होते तो इतिहास के कई पन्ने अपने लिए आरक्षित कर लेते। मगर इन ख़ामियों ने उन्हें नायक के बजाय प्रतिनायक बना डाला। अगर वे अपने कुछ ऐब तिरोहित कर देते तो सकल हृदय सम्राट की तरह याद किए जाते। पर अपने रग-रग में बसे कुछ अपगुणों की वज़ह से वे हिंदू हृदय सम्राट तक नहीं बन पाए। वे अपने को मानते कुछ भी रहें, मगर असलियत तो यही है कि जितने हिंदू उन्हें वोट देते हैं, उस से ज़्यादा हिंदू उन के ख़िलाफ़ मतदान करते हैं।

2024 अपने पर भारी पड़ता देख जिल्लेसुब्हानी इन दिनों बिना सोचे-समझे अपनी बनेटी घुमा रहे हैं। विपक्षी राजनीतिक दलों की तुलना वे आतंकवादी संगठनों से करने लगे हैं। वे पहले हैं, जो विपक्ष को ले कर अपने मुखारविंद का गटरीकरण करने में भी नहीं हिचक रहे हैं। दायित्व बोध के सिंहासन पर बैठ कर आंय-बांय-शांय की ऐसी बारिश करने वाले वे भारत के पहले राजनीतिक हैं। तवारीख़ उन्हें एक बेरहम शासक, बेदर्द मनुष्य और आईनी अंजुमनों को बर्बरता से कुचलने वाले हुक्मरान की तरह याद करेगी। जब वे तख़्तविहीन हो जाएंगे तो जम्हूरी इदारे उन की याद में अपनी आंखें कभी गीली नहीं करेंगे। नौ बरस में यही उन्होंने कमाया है।

मैं जिल्लेसुब्हानी का कतई प्रशंसक नहीं हूं। मैं उन के कण-कण से असहमत हूं। इसलिए कि उन्होंने भारतीय राजनीति में तरह-तरह के हथकंडों के ज़रिए सरकार-हरण करने की बेहद ओछी परंपरा को ठोस और संस्थागत बनाया। इसलिए कि वे तमाम सरहदी मामलों पर सचमुच कुछ करने के बजाय महज़ अधर-सेवा करते रहे। इसलिए कि उन्हें आर्थिक मामलों की कुछ भी समझ नहीं है, लेकिन वे उन में नाक घुसाए बिना बाज़ नहीं आते हैं। इसलिए कि वे राजनय के बुनियादी आयामों से बेख़बर हैं और उसे ले कर निःसार रूमानी भाव से भरे हुए हैं। इसलिए कि वे सारे राजनीतिक-सामाजिक मसलों को सिर्फ़ आयोजन-प्रबंधन की निग़ाह से देखते हैं। इसलिए कि वे अपने को सर्वज्ञाता समझते हैं और किसी की कुछ सुनने को तैयार नहीं होते हैं। इस सब के चलते, बावजूद नए संसद भवन के, बावजूद नई केंद्रीय वीथिका के और बावजूद भारत मंडपम के, नौ साल में भारत की असली नींव पोली हुई है। चमचमाते कंगूरों को देख कर इतराने वाले बहुत देर बाद यह समझ पाएंगे कि जिल्लेसुब्हानी ने अपनी फलों की दुकान पर दरअसल छिलके सजा कर रखे हुए हैं।

इतना सब गड़बड़ होते हुए भी एक बात के लिए मैं जिल्लेसुब्हानी की तारीफ़ करूंगा। वह यह कि अपने सियासी दल में उन्होंने पारिवारिक विरासत की परंपरा नहीं पनपने दी। जो थोड़े-बहुत टीले थे भी, उन्हें चकनाचूर कर दिया। भारतीय राजनीति के मौजूदा दौर में यह करना आसान नहीं था। यह एक काम उन्हें बाकी सब से अलग मूर्तितल पर स्थापित करता है। अपने राजनीतिक दल के अंतिम छोर तक उम्मीद की इतनी अटल किरण बिखेर देना उन की अनन्य उपलब्धि है। भले ही यह काम उन्होंने अपनी इकलखुरा जीवन परिस्थितियों के चलते किया हो, भले ही इस क़दम के पीछे कोई दार्शनिक अभिप्राय न रहा हो, भले ही उन्होंने यह सब इस सौतिया-डाह के चलते किया हो कि जब मेरे परिवार की भावी राजनीतिक संभावनाएं शून्य हैं तो किसी और की राह भी मखमली क्यों रहे; लेकिन उन के हाथों यह हुआ, इस का श्रेय तो उन्हें देना ही होगा। बाकी सब-कुछ के लिए तो वे खुद ही अपनी पीठ ज़ोरशोर से थपथपा लेते हैं, मगर आज नहीं तो कल, इस एक काम के लिए देश उन की पीठ ज़रूर थपथपाएगा।

फिर भी सियासी पुरावृत्त के चित्रगुप्त जब जिल्लेसुब्हानी का बहीखाता टटोलेंगे तो उस के सारे पन्नों पर उन्हें काले दाग़-धब्बे ही नज़र आएंगे। जब एक पाप सारे पुण्यों को लील लेता है तो इतने सारे पाप मिल कर किसी एक पुण्य को भला कहां टिकने देंगे? इसलिए मुझे जिल्लेसुब्हानी के अभागेपन पर तरस आता है। उन के अनुचर उन्हें भाग्यशाली मानते रहें, वे उन्हें महामानव समझते रहें, वे उन्हें अपने दिल का बादशाह बनाए रहें, मगर मुझे इस भाग्यहीनता पर रहम ही आता है। सोचिए तो सही कि नौ साल पहले एक बड़े कबीले में जिसकी आसमान से उतरे मसीहा की तरह पूजा हो रही थी, आज उस के अपने लोग भी बेसब्री से उस की विदाई का इंतज़ार कर रहे हैं। ऐसे में दिल पर क्या गुज़रती है, जिल्लेसुब्हानी का दिल ही जानता होगा!

एक बात और। जो समझ रहे हैं कि जिल्लेसुब्हानी के विदाई-पल उन की वज़ह से नज़दीक आ रहे हैं, वे अपने रंगबिरंगे पंखों से निग़ाह हटा कर ज़रा ख़ुद के पैरों की तरफ़ नज़र डालें। जिल्लेसुब्हानी अगर जाएंगे तो इन मयूरों के कारण नहीं जाएंगे। वे इन मयूरों के बावजूद अलविदा होंगे। वे इसलिए रुख़सत होंगे कि वे अवाम के ज़ेहन से उतर गए हैं। उन की रवानगी के बीजमंत्र का जाप जनमानस में पैठ गया है। आने वाले इसलिए नहीं आ रहे हैं कि वे आने लायक हैं। नौ साल पहले जिल्लेसुब्हानी भी इसलिए लिए नहीं आए थे कि वे आने लायक थे। वे इसलिए आए थे कि देश उकता चुका था। देश आज भी उकता चुका है। हवा में यह सौंधी ख़ुशबू इसीलिए है।

(लेखक न्यूज़-व्यूज़ इंडिया और ग्लोबल इंडिया इनवेस्टिगेटर के संपादक हैं।)

### सेमरिया में लगभग 15 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन लोकार्पण किया जिसमें

# 6.60 किमी लम्बाई वाले बेला बैजनाथ नौवस्ता मार्ग का मजबूतीकरण के अंतर्गत लगभग 10 करोड़ रुपए की लागत से होने वाले उन्नयन कार्य

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे**
**सम्भागीय ब्यूरो**

सेमरिया। सेमरिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बैजनाथ में आयोजित कार्यक्रम में सेमरिया विधायक केपी त्रिपाठी तथा रामपुर बघेलान विधायक विक्रम सिंह ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व व मार्गदर्शन में चलाए जा रहे विकास पर्व के तहत् सेमरिया में लगभग 15 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन लोकार्पण किया जिसमें 6.60 किमी लम्बाई वाले बेला बैजनाथ नौवस्ता मार्ग का मजबूतीकरण के अंतर्गत लगभग 10 करोड़ रुपए की लागत से होने वाले उन्नयन कार्य, ग्राम बैजनाथ में मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा लगभग 314 लाख रुपए की लागत से 33/11 के0 व्ही0 विद्युत उपकेंद्र, ग्राम सोनरा में लगभग 44 लाख रुपए की लागत से जल जीवन मिशन अंतर्गत स्वीकृत नल जल योजना का भूमिपूजन तथा ग्राम पंचायत बैजनाथ में 66.29 लाख रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन लोकार्पण शामिल है।

कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए केपी त्रिपाठी ने कहा कि जनता जनार्दन के हितों में भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा निरंतर विकास कार्य कराए जा रहे हैं उसी कड़ी में आज लगभग 15 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया जा रहा है। केपी त्रिपाठी ने कहा कि आज जिन कार्यों का भूमिपूजन किया गया है उनमें लगभग 10 करोड़ सड़क निर्माण तथा लगभग 3 करोड़ रुपए से बनने जा रहे विद्युत उपकेंद्र प्रमुख कार्य हैं पिछले वर्षों से इस क्षेत्र की दो महत्वपूर्ण आवश्यकताएं थीं जिनमें बेला बैजनाथ होते हुए






नौवस्ता तक 6.60 किमी की सड़क वाहनों के अत्यधिक दवाब के कारण क्षतिग्रस्त हो चुकी थी जो कि अब बेहतरीन सड़क बनकर तैयार होगी सेमरिया विधानसभा क्षेत्र में जगह जगह सड़कों का जाल बिछाकर लोगों की समस्याओं से छुटकारा दिलाया गया है साथ ही इस क्षेत्र में विद्युत उपकेंद्र न होने के कारण क्षेत्रवासियों द्वारा अधिकतर समय लो वोल्टेज बिजली की बात रखी जाती थी जिसके लिए हमने अधिकारियों को यहां एक विद्युत उपकेंद्र खोलने के लिए निर्देशित किया जिसके परिणामस्वरूप आज 33/11 के0 व्ही0 का विद्युत उपकेंद्र स्थापित होने जा रहा है। केपी त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन वाली सरकार द्वारा संचालित सभी जनकल्याणकारी योजनाओं को सेमरिया विधानसभा क्षेत्र के एक एक छोर तक पहुंचाने के साथ ही साथ वहां विकास कार्यों के माध्यम से जनता जनार्दन के जीवनस्तर में निरंतर प्रगति की जा रही है। रामपुर बघेलान विधायक विक्रम सिंह ने कहा कि सेमरिया विधानसभा तथा रामपुर बघेलान विधानसभा क्षेत्र को जोड़ने वाली बेला बैजनाथ नौवस्ता सड़क के बन जाने पर रामपुर बघेलान विधानसभा क्षेत्र के निवासियों को बहुत लाभ मिलेगा। इस क्षेत्र में सीमेंट कंपनी तथा खनिज पदार्थ उपलब्ध होने के कारण इस सड़क पर भारी वाहनों का निरंतर दवाब बना रहता है लेकिन अब इस सड़क के बन जाने के बाद क्षेत्रवासियों की होने वाली परेशानियों से निजात मिलेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत रीवा अध्यक्ष नीता कोल ने की तथा विशिष्ट अतिथि जनपद पंचायत रीवा अध्यक्ष संगीता राजेश यादव, उपाध्यक्ष सुनीता बृजेन्द्र द्विवेदी, जिला कार्यसमिति सदस्य एवं सेमरिया विधानसभा संयोजक दयानन्द तिवारी, लोक निर्माण विभाग के एसडीओ सुधीर शुक्ला, बनकुइयां मण्डल अध्यक्ष शेषमणि पाण्डेय, उपाध्यक्ष बृजेश त्रिपाठी, पूर्व अध्यक्ष मनीष शुक्ला 'सुद्धू', महामंत्री द्वय सत्यनारायण सिंह, चूड़ामणि साकेत, शक्ति केन्द्र बैजनाथ संयोजक भास्कर मिश्रा, सहसंयोजक शिव सिंह, छिजवार संयोजक महेश द्विवेदी, अजय पाण्डेय, रामानुज पाण्डेय नौबस्ता, लक्ष्मीकांत चतुर्वेदी सरपंच भोलगड़, बैजनाथ सरपंच संतोष मिश्रा, रामप्यारे साहू, प्रेमलाल गुप्ता, बूथ अध्यक्ष छिजवार अमरीष गुप्ता, मनभरण साकेत, आर.के.उर्मलिया, बालेन्द्र शर्मा, गड़वा सरपंच राघुवेन्द्र द्विवेदी, एम.डी.कुशवाहा पूर्व मण्डल अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा, सत्यनारायण द्विवेदी उपसरपंच रहट, अरूण मिश्रा पूर्व सरपंच रहट, महेन्द्र पाण्डेय, श्रीनिवास साकेत, अजय पाण्डेय दादर पन्ना प्रमुख, विपिन पाण्डेय सहसंयोजक, बृजभूषण तिवारी, राजेश सेन, रामकृष्ण त्रिपाठी बूथ अध्यक्ष जोन्ही, सरपंच मध्येपुर छोटेलाल तिवारी, सरपंच प्रतिनिधि नन्दलाल शुक्ला सहित भारी संख्या में स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



# शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सतना को मिले 46 चिकित्सक सीएम ने स्वयं प्रदान किए नवनियुक्त चिकित्सकों को उनके नियुक्ति पत्र

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे**
**संभागीय ब्यूरो चीफ**

28 जुलाई को मुख्यमंत्री आवास में आयोजित एक गरिमामई कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सतना के नवनियुक्त चिकित्सकों को स्वयं नियुक्ति पत्र सौंपे गए। इस कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री के साथ चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग, अपर मुख्य सचिव मोहम्मद सुलेमान, आयुक्त चिकित्सा शिक्षा गोपाल चंद्र डाड, अपर आयुक्त पंकज जैन, डीएमई डॉ अरुण श्रीवास्तव एवं अधिष्ठाता अवतार सिंह यादव के साथ सभी नवनियुक्त चिकित्सक उपस्थित थे जिसमें प्रमुख रूप से सामुदायिक आयुर्विज्ञान विभाग में सह प्राध्यापक डॉ अम्बरीष मिश्रा, शिशु रोग विभाग में सह प्राध्यापक डॉ प्रभात सिंह बघेल, फार्माकोलॉजी विभाग में सह प्राध्यापक डॉ बलबीर सिंह एवं डॉ जितेंद्र नाथ चतुर्वेदी एनाटॉमी विभाग में सह प्राध्यापक डॉ अंकित जैन फिजियोलॉजी में डॉ विद्या गर्ग मनोरोग विभाग में डॉ धीरेन्द्र मिश्रा आदि चिकित्सकों ने मुख्यमंत्री के हाथ से नियुक्ति पत्र प्राप्त किए। इस दौरान माननीय मुख्यमंत्री जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि चिकित्सा एक प्रोफेशन ना होकर एक मिशन है। और चिकित्सा महाविद्यालय के चिकित्सक चिकित्सक होने के साथ साथ शिक्षक के रोल में भी रहते हैं। चिकित्सक अपना काम पूर्ण मनोयोग से अपना कर्तव्य निष्पादन करें। माननीय चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री सारंग ने इस सत्र से हिंदी भाषा मे पाठ्यक्रम उपलब्ध होने के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश चिकित्सा के क्षेत्र में नए आयाम गढ रहा है। अंत मे धन्यवाद ज्ञापन संचालक चिकित्सा शिक्षा डॉ अरुण श्रीवास्तव ने किया।

# नवनियुक्त उच्च माध्यमिक एवं माध्यमिक शिक्षकों का पांच दिवसीय इंडक्शन प्रशिक्षण का हुआ समापन



**हमेश कटरे रिपोर्टर पुष्पांजली टुडे न्यूज बालाघाट**
**शिक्षकों के अधिकार एवं कर्तव्य से हुएं रूबरू**

बालाघाट एवं सिवनी जिले के नवनियुक्त उच्च माध्यमिक एवं माध्यमिक शिक्षकों का 5 दिवसीय आवासीय इंडक्शन प्रशिक्षण बालाघाट जिले के महारानी लक्ष्मीबाई कन्या शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालाघाट में 24 जुलाई 2023 से आयोजित किया गया था जिसका समापन 28 जुलाई को हुआ। समापन दिवस पर छत्रपति शिवाजी सदन के द्वारा प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम उपस्थित मास्टर ट्रेनर्स प्राचार्य एस के तुरकर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुढ़ी बालाघाट, प्राचार्य बी एस घरते शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमेड़ा, श्रीमती विद्या रामटेके प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गर्रा, प्राचार्य श्रीमती गीता बंशपाल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डाइट बालाघाट , जितेन्द्र मिश्रा प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रभारी, डा मनोज जैन प्राचार्य महारानी लक्ष्मीबाई कन्या शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालाघाट, श्रीमती अर्चना बोरकर प्रशिक्षण प्रभारी एवं सदन के सदस्यों के द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर पूजा अर्चना के साथ अंतिम दिवस के कार्यक्रम की शुरुआत की गई। छत्रपति शिवाजी सदन के द्वारा सर्वप्रथम पंचांग का वाचन किया गया तदोपरांत सम्मानपूर्वक राष्ट्गान का गायन किया गया। इसी कड़ी में बारी बारी से प्रार्थना, निति वचन, मुख्य समाचार का वाचन, प्रतिज्ञा, योगासन कर राष्ट्रीय गीत गाया गया तत्पश्चात प्रशिक्षण कार्यक्रम का समय विभाग चक्र पर आधारित विषयों पर मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

**प्रशिक्षण में नवनियुक्त शिक्षकों ने जाना नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020**–प्रशिक्षण के माध्यम से नवनियुक्त शिक्षकों ने प्रशिक्षण के पांचवें दिन प्राचार्य एस के तुरकर के द्वारा शिक्षक पालक बैठक के आयोजन को लेकर तथा पाठ्यक्रम योजना के बारे में जानकारी प्रदान की गई। प्राचार्य बी एस घरते के द्वारा चिकित्सा परिचर्या नियम एवं यात्रा भत्ता नियम की समुचित जानकारी प्रदान की गई। प्राचार्य श्रीमती गीता बंशपाल के द्वारा शासकीय कर्मचारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही के बारे में और प्राचार्य श्रीमती विद्या रामटेके के द्वारा नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2023 के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। वहीं डा मनोज जैन प्राचार्य के द्वारा समापन अवसर पर शिक्षकों के कर्तव्य और दायित्व के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि शिक्षकों को पुर्ण निष्ठा और ईमानदारी के साथ अध्यापन कार्य करना चाहिए।

**नवनियुक्त शिक्षकों ने मास्टर ट्रेनर्स का किया सम्मान समारोह आयोजित**–आयोजित इंडक्शन प्रशिक्षण में प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा नवनियुक्त शिक्षको को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे नवनियुक्त शिक्षको ने लाभप्रद जानकारी प्रदान करने तथा भरपूर सहयोग प्रदान करने पर मास्टर ट्रेनर्स से प्रभावित होकर उनका सम्मान समारोह आयोजित किया जिसमें सभी मास्टर ट्रेनर्स का तिलक वंदन कर गुलदस्ते के साथ शाल श्रीफल भेंट कर सभी का चरण स्पर्श कर आशिर्वाद प्राप्त किया।

**अब तक इन विषयों से परिचित हुए नवनियुक्त शिक्षक**–मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा नवनियुक्त शिक्षको को विभागीय संरचना, नव नियुक्ति पश्चात की जाने वाली कार्यवाही, विद्यालय प्रबंधन एवं विकास समिति, अच्छे स्कूल की विशेषताएं, प्रार्थना सभा, शिक्षक डायरी, सीसीएलई, गोपनीय प्रतिवेदन, परिवीक्षा अवधि, एनपीएस सेवा पुस्तिका का संधारण, भंडार ऋय नियम, विभाग एवं संचालनालय अंतर्गत संचालित योजनाएं, टीचर जॉब चार्ट, शिक्षा का अधिकार अधिनियम, सहशैक्षिक गतिविधियों का संचालन, विद्यार्थी उपस्थिति, एजुकेशन पोर्टल, विमर्श पोर्टल, दीक्षा/निष्ठा पोर्टल, सीएम हेल्पलाइन, परिवेदना निवारण पोर्टल तथा झंडा संहिता, विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थि, अवकाश नियम, केश बुक संधारण, सीएम राइस स्कूल प्रोफाइल अपडेशन, आचरण अनुशासन नियम 1965 एवं सूचना का अधिकार की जानकारी प्रशिक्षण में प्रदान की गई है। जिसे पाकर नवनियुक्त शिक्षको में अलग ही उत्साह प्रकट किया है।

**इन शिक्षकों को प्रमाण पत्र का किया गया वितरण**–नवनियुक्त उच्च माध्यमिक एवं माध्यमिक शिक्षकों में प्रदीप कुमार मोरघडे, पवन कुमार सोलंकी, रितेश कटरे , अंकित हनवत, बिजू बघेले, संजय कुमार नगपुरे, हिरदयराम यादव, नवनीत अवस्थी, अजय कुमार पंचेश्वर, शीरीन खान, हेमलता सेनभक्त, अंजु महिमेहरो करहि, धर्मेन्द्र उसराठे, धर्मेन्द्र रहांगडाले, दिनेश बिसेन,घनश्याम भलावे, सोनल पाठक, पुष्पा नगपुरे, लीना रांहगडाले, करिश्मा बिसेन, श्रीमती रविबाला, रहांगडाले, कमलेश कुमार सोनवानी, सुनील कुमार शर्मा, दुर्गाप्रसाद डाहारे, श्रृद्धा स्वामी, बुद्धवर्धन उके, प्रदीप कुमार डहरवाल, गणेश नामदेव, योगेन्द्र बिसेन, शरद बिसेन, कैलाश कुमार सिगरे, गेंदलाल चिखले, सलमा खान, वर्षा तिवारी, राहुल कुमार डोहरे, नरेश रावते, आशा उपराडे, रूपमश्री गौचन्द्र, विभा डहवाल, तोषण कुमार मस्करे, विरेन्द्र बिसेन, लेख चंद साहू, शिवपाल टेभरे, सत्यप्रकाश डहरवाल, मनीष कुमार चाँवके, देवेन्द्र कुमार ठाकुर, भूषण कुमार लिल्हारे, अनिता बहेटवार, देवेन्द्र कुमार शेण्डे, शरद सोनी, भूमिका बनेवार, प्रमोद कुमार, ललिता नामदेव, वैशाली सातपूते, दीपक चौधरी, प्रवीण पंचेश्वर, कैलाश सोनवाने को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

# सिंगरौली योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन की बैठक सम्पन्न

### जिला स्तरीय योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता का आयोजन 05 अगस्त 23 को

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे**
**सम्भागीय ब्यूरो**

**सिंगरौली।** जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के संरक्षक डॉ. अश्वनी तिवारीजी,आर पी पटेलजी व अध्यक्ष डॉ.आर.डी पाण्डेय जी की अध्यक्षता में आज शुक्रवार को सायं 5-30 बजे अमृत विद्या पीठ कॉलेज विन्ध्यनगर में बैठक रखी गयी । जिसमें जिले में आयोजित होने वाली जिला स्तरीय योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता के विषय मे महत्वपूर्ण चर्चा की गयीं।जिला स्तरीय योगासन स्पोर्ट्स की यह प्रतियोगिता 05 अगस्त दिन शनिवार को वीवा क्लब एनटीपीसी विन्ध्यनगर में सुबह 09 बजे से आयोजित की जाएगी।ड़सिंगरौली योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन जिलाध्यक्ष डॉ. आर डी पाण्डेय ने बताया कि जिला स्तरीय योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में जो बच्चे /बड़े महिला /पुरूष योग में रुचि रखते हो वो इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते है । इस प्रतियोगिता में 9 वर्ष , 14 वर्ष एवं 18 वर्ष से अधिक वर्ष तक के बच्चे/बड़े जो भी अपना रजिस्ट्रेशन के साइट पर ऑनलाइन/ऑड़लाइन करवाएंगे वहीं बच्चे/वड़े इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते है । जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय स्थान अर्जित करने वाले बच्चे/बड़े प्रदेश एवम राष्ट्रीय प्रतियोगिता में खेलेंगे एवम चयनित होने के पश्चात खोलो इंडिया 2023-24 में भाग लेंगे। जिसमे विजेता को 5 करोड़ का इनाम भारत सरकार खेल एवम युवा मंत्रालय द्वारा प्रदान किया जाएगा । योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने इस प्रतियोगिता में अधिक से अधिक लोगो को सम्मिलित होने की अपील करते हुए अपने शरीर को स्वस्थ बनाये रखने एवं भविष्य को उज्वल बनाने की अपील की है। वही जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के बैठक में संरक्षक डॉ अश्विनी तिवारी, संरक्षक आर पी पटेलजी, जिलाध्यक्ष डॉ आर डी पाण्डेय, उपाध्यक्ष एड.रंजीत सिंह, सचिव गजमोचन सिंहजी, क्लब सौरभ कुमार, सदस्य -पुष्पलता सिंह ,नीता विश्वकर्मा, लखपति सिंह, संजय शाह, जे पी मिश्रा





सहसचिव द्वय अमित राजजी, शत्रुघ्न पाण्डेय, कोषाध्यक्ष रामनरेश त्रिपाठी, योग जजेज एवम सदस्य स्वप्निल श्रीवास्तव, महासचिव वीवा उपस्थित रहें। सभी पदाधिकारियों ने योग से जुड़े बालको/बालिकाओ को उक्त प्रतियोगिता में सम्मिलित होने की विनम्र निवेदन किया है।

# देशभर के एटीजे के पत्रकारों का महाकुंभ उदयपुर में आज

भोपाल। एसोसिएशन ऑफ इंडियन जर्नलिस्ट भारतीय पत्रकार एटीजे के देशभर के पत्रकारों का



महाकुंभ 30 जुलाई को राजस्थान के झीलो की नगरी उदयपुर में होने जा रहा है। संघ राष्ट्रीय सचिव रघुवर दयाल गोहिया और राजस्थान के प्रदेश महासचिव डॉ. चेतन ठठेरा ने बताया कि एसोसिएशन ऑफ इंडियन जर्नलिस्ट के देशभर के पत्रकारों का सम्मेलन और सर्वश्रेष्ठ पत्रकारों का सम्मान समारोह का आयोजन 30 जुलाई को झीलों की नगरी उदयपुर के हिरण मगरी सेक्टर 4 में स्थित अटल सभागार भवन में सुबह 11 बजे से आयोजित किया जाएगा। समारोह को लेकर भारतीय पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष विवेक पाराशर के नेतृत्व में प्रदेश की पूरी टीम इस कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर जुटी हुई है। श्री पाराशर ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर परिषद डूंगरपुर के पूर्व सभापति केके गुप्ता, विशेष अतिथि डिजियाना न्यूज़ चैनल के चीफ एडिटर प्रतीक श्रीवास्तव होंगे। अध्यक्षता नवभारत समूह संपादक एवं एआईजे के राष्ट्रीय संरक्षक क्रांति चतुर्वेदी होंगे। वरिष्ठ स्पेशल संवादाता जी न्यूज के पुष्पेंद्र वैद्य विशेष आमंत्रित होंगे। नगर निगम के महापौर जीएस टाक अति विशिष्ट अतिथि नगर निगम उदयपुर के उपमहापौर पारस सिंघवी तथा नगर परिषद डूंगरपुर के सभापति अमृत कलासुआ होंगे। और दैनिक सुबह सवेरे समाचार पत्र के संपादक और फ़िल्म समीक्षक हेमंत पाल विशेष अतिथि होंगे । कार्यक्रम के सूत्रधार



के आई जे के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रम सेन होंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील संघ के सभी पदाधिकारियों ने की है।

## रक्तदान करके गर्भवती महिला की जान बचाई

**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर - खंगारराम मुलेवा**



पाली जिला स्थित - बाली सरकारी अस्पताल में भर्ती गरासिया परिवार की महिला लाली बाई पत्नी लसाराम गरासीया गांव कुडाल को इमरजेंसी डिलीवरी केस में ए पॉजिटिव ब्लड की जरूरत पड़ने पर मरीज के परिजन ने 2 दिन से कई जगह पर प्रयास किया लेकिन व्यवस्था ना हो पाई जिसकी सूचना रक्तदान टीम सादड़ी सुरेश माली गोयल को मिलने पर श्री सेला से हितेश जी राठौड़ को भेजकर इमरजेंसी गर्भवती महिला के लिए बी पॉजिटिव ब्लड रक्तदान करवाया और गर्भवती महिला की जान बचाई खून मिलने के बाद रक्त वीर हितेश राठौड़ और प्रदेश अध्यक्ष सुरेश गोयल का मरीज के परिजनों ने आभार जताया कहां है कि रक्तदान से बड़ी कोई सेवा नहीं।

## सार समाचार

### हैम्बर्ग यूरोपियन ओपन में जीते रूड, रूबलेव हारे

**हैम्बर्ग (जर्मनी)** । केस्पर रूड ने पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए हैम्बर्ग यूरोपियन ओपन में चिली के क्रिस्टियन गारिन को हरा दिया जबकि डेनियल अल्टमेयेर ने दूसरे दौर में आंद्रे रूबलेव को मात दी। हैम्बर्ग महिला वर्ग में जर्मनी की नोमा नोहा एकुगी सेमीफाइनल में पहुंच गई। उन्होंने मार्टिना ट्रेविसान को 5 . 7, 6 . 4, 7 . 5 से हराया। अब उनका सामना डायन स्नाइडेर से होगा जिसने गत चैम्पियन बर्नाडा पेरा को 6 . 1, 2 . 6, 6 . 4 से हराया। फ्रेंच ओपन उपविजेता रूड ने 1 . 6, 6 . 2, 6 . 2 से जीत दर्ज की। रूड रैंकिंग में चौथे स्थान पर हैं जबकि गारिन 120वें स्थान पर हैं। अब उनका सामना फ्रांस के 19 वर्ष के आर्थर फिल्स से होगा। दूसरी वरीयता प्राप्त रूबलेव को डेनियल ने 6 . 2, 6 . 2 से हराया। अब उनका सामना झांग झिचेंग से होगा।

### नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स की तरफ से खेलेगी जेमिमा

**लंदन** । भारतीय बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स ने इंग्लैंड में होने वाले हंड्रेड टूर्नामेंट में खेलने के लिए नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स के साथ अनुबंध किया है। वह ऑस्ट्रेलिया की हीथर ग्राहम की जगह लेंगी। यह 22 वर्षीय बल्लेबाज इस टूर्नामेंट के पहले सत्र में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों में शामिल थी। कलाई की चोट के कारण वह पिछले साल इस टूर्नामेंट के अधिकतर मैचों में नहीं खेल पाई थी। 'ईएसपीएनक्रिकइंफो' की रिपोर्ट के अनुसार नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स ने इस सत्र के शुरू में जेमिमा को रिटेन नहीं किया था लेकिन ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी के चोटिल हो जाने के कारण उन्होंने भारतीय क्रिकेटर से फिर से अनुबंध किया है। यह टूर्नामेंट एक अगस्त से 27 अगस्त तक चलेगा। जेमिमा हंड्रेड के इस सत्र में भाग लेने वाली चौथी भारतीय खिलाड़ी बन गई है। उनसे पहले भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर और उपकप्तान स्मृति मंधाना के अलावा विकेटकीपर बल्लेबाज रिचा घोष ने विभिन्न टीमों के साथ अनुबंध किया था।

### पापुआ न्यू गिनी ने आईसीसी पुरूष टी20 विश्व कप में जगह बनाई

**पोर्ट मोरेस्बी (पापुआ न्यू गिनी)**, पापुआ न्यू गिनी ने वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले 2024 आईसीसी पुरूष टी20 विश्व कप के लिये क्वालीफाई कर लिया है। पूर्वी एशिया प्रशांत क्वालीफायर से यह एकमात्र टीम है और टूर्नामेंट के लिये क्वालीफाई करने वाली 15वीं टीम बन गई है। पापुआ न्यू गिनी ने शुक्रवार को फिलीपीन को 100 रन से हराकर यह उपलब्धि हासिल की। पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर पापुआ न्यू गिनी ने छह विकेट पर 229 रन बनाये। जवाब में फिलीपीन की टीम 129 रन पर आउट हो गई। पांच मैचों के बाद पापुआ न्यू गिनी तालिका में शीर्ष पर रही । अब जापान के खिलाफ शनिवार को उसका मैच औपचारिकता मात्र रह गया है।

# भारत की नजर वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज जीतने पर

## सूर्यकुमार के लिए अपनी टी20 फॉर्म को 50 ओवर के क्रिकेट में दोहराना जरूरी होगा।



**बारबडोस** ■ भारतीय टीम खराब फॉर्म से जूझ रही वेस्टइंडीज के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले दूसरे वनडे के लिए फिर अपने निर्धारित बल्लेबाजी क्रम पर वापसी कर सकती है ताकि वह बल्लेबाजों के बेहतर प्रदर्शन की बदौलत तीन मैचों की श्रृंखला में अजेय बढ़त बना ले।

कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ को पहले वनडे में मध्यक्रम बल्लेबाजों को दूसरे सत्र में टर्न लेती पिच पर आजमाने में थोड़ी दिक्कत का सामना करना पड़ा लेकिन लक्ष्य महज 115 रन का था तो टीम ने आराम से इसे हासिल कर लिया। कोई भी पक्के तौर पर कह सकता है कि अगर भारत को फिर इतने छोटे लक्ष्य का पीछा करना पड़े तो भी रोहित खुद शुभमन गिल के साथ बल्लेबाजी के लिए उतरेंगे और विराट कोहली तीसरे नंबर पर खेलेंगे। पहले वनडे में अर्धशतकीय पारी से प्रभावित करने के बावजूद ईशान किशन को मध्यक्रम में बल्लेबाजी करनी होगी और अगर केएल राहुल वापसी करते हैं तो उन्हें श्रीलंका में एशिया कप के दौरान इस जगह को खाली करना होगा।

आस्ट्रेलिया के खिलाफ चेन्नई में आठ अक्टूबर (मौजूदा कार्यक्रम के अनुसार) को शुरुआती विश्व कप मैच से पहले बस 11 और मैच बचे हैं तो भारत का लक्ष्य एक संतुलित संयोजन पर अडिग रहने का होगा इसलिये ज्यादा प्रयोग करने पर शायद जोर नहीं दिया जाये। बारबडोस में केनसिंगटन ओवल दिवंगत मैलकम मार्शल और जोएल गार्नर का घरेलू मैदान है जिस पर दौरा करने वाली टीम के बल्लेबाज 'बिग फोर' (एंडी रॉबर्ट्स और माइकल होल्डिंग) का सामना करने की बात सोचकर ही दबाव में आ जाते थे। लेकिन गुरुवार को केनिसंगटन ओवल की पिच स्पिनरों के लिए फायदेमंद दिखी जिसमें रविंद्र जडेजा और कुलदीप यादव की टर्न और उछाल लेती गेंदों के सामने केरेबियाई बल्लेबाजों ने घुटने टेक दिये। यहां तक कि हार्दिक पंड्या नयी गेंद से उमरान मलिक के साथ बल्लेबाजों को परेशान करने में सफल रहे। मलिक ने काफी गेंद तेज रफ्तार से डालीं।

वेस्टइंडीज क्रिकेट के अब वो स्वर्णिम दिन गुजर गये हैं और भारत में वनडे विश्व कप के लिए क्वालीफाई नहीं करने के बाद से क्रिकेट की लोकप्रियता भी निचले स्तर पर पहुंच गयी है। दूसरे वनडे में शायद उसी पिच का इस्तेमाल नहीं किया जायेगा लेकिन इसकी प्रकृति भी वैसी ही हो सकती है इसलिये भारतीय टीम को पहले बल्लेबाजी करने की चुनौती से दिक्कत नहीं होनी चाहिए।

गुडाकेश मोती की बायें हाथ की स्पिन गेंदबाजी और यानिक कारिया की लेग ब्रेक गेंदों को खेलना ज्यादा मुश्किल नहीं होगा, हालांकि यह इतना आसान भी नहीं होगा। भारतीय बल्लेबाजों टर्न लेती पिचों पर स्पिनरों के खिलाफ धाकड़ बल्लेबाजी करके बड़ा स्कोर नहीं बना सके हैं लेकिन अगर पहले वनडे जैसी परिस्थितियों में ऐसा करना पड़े तो यह टीम के लिये इतनी खराब परीक्षा भी नहीं होगी। चेन्नई और लखनऊ जैसे स्थल (आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के खिलाफ वनडे विश्व कप के स्टेडियम) स्पिनरों के लिये मददगार होंगे और विदेशी हालात में इसी तरह की पिचों पर कुछ अभ्यास करना हमेशा अच्छा ही साबित होगा। घरेलू मैदान पर इसी तरह की पिचों की उम्मीद कर सकते हैं।

सूर्यकुमार यादव के लिए अपनी टी20 फॉर्म को 50 ओवर के क्रिकेट में दोहराना निहायत जरूरी होगा। गुरुवार को उनके पास सुनहरा मौका था और वह अच्छी लय में भी दिख रहे थे लेकिन मोती की गेंद पर स्वीप शॉट खेलने से उनकी पारी खत्म हो गयी। सूर्यकुमार जानते हैं कि अगर श्रेयस अय्यर फिट हो जाते हैं और अगर केएल राहुल वापसी करते हैं तो अंतिम एकादश में उनके स्थान पर खतरा मंडरा सकता है जिससे उनके लिए 15 सदस्यीय टीम में जगह बनाना मुश्किल हो जायेगा। इसलिये उनके लिये एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ रन बनाना बहुत जरूरी होगा ताकि टीम में उनका स्थान पक्का हो सके।

# फुटबॉलः इंग्लैंड और चीन ने अपने मुकाबले जीते,अर्जेंटीना-दक्षिण अफ्रीका मैच बराबरी पर

**सिडनी/एडिलेड/डुनेडिन** ■ फीफा महिला विश्वकप में शुक्रवार को खेले गये मुकाबलों में इंग्लैंड और चीन ने अपने अपने मुकाबले जीत कर अभियान को आगे बढाया जबकि अर्जेंटीना और दक्षिण अफ्रीका के बीच हार जीत के फेसले के बगैर समाप्त हुआ।

लॉरेन जेम्स के शानदार गोल की बदौलत इंग्लैंड ने डेनमार्क को 1-0 से हरा कर अपने अभियान की शानदार शुरूआत की। दर्शकों से भरे सिडनी फुटबॉल स्टेडियम में लॉरेन ने मैच के छठे मिनट में गोल दागा। राचेल डेली ने 21 वर्षीय जेम्स को गेंद दी, जिन्होंने बॉक्स के बाहर से डाइविंग लेने के साथ क्रिस्टेंसन को छकाते हुए गोल कर दिया। इसके साथ ही वह इंग्लैंड की दूसरी सबसे कम उम्र की महिला विश्व कप गोल करने वाली खिलाड़ी बन गई।

मैच के 38वें मिनट पर केइरा वॉल्श को चोट लग गई जिन्हे स्ट्रेचर पर ले जाया गया। दूसरे हाफ के अधिकांश समय में जेम्स ने अपना दबदबा बनाए रखा, हालांकि बाद में कुछ बेहतर मौके डेनमार्क के पास आये मगर वह उसे भुनाने में नाकाम रहा।

उधर एडिलेड में हैती को 1-0 से हराकर चीन ने अपनी उम्मीदों को बरकरार रखा। चीन की ओर से एकमात्र गोल मैच के 74वें मिनट में वांग शुआंग ने किया। इससे पहले दोनो ही टीमों ने एक दूसरे के खिलाफ शानदार मूव बनाये मगर उसे गोल में तब्दील करने में नाकाम साबित हुयी। मैच में मिली जीत के साथ चीन नाकआउट मुकाबलो में पहुंचने की दौड़ में बना हुआ है।

इससे पहले ग्रुप जी में डेनमार्क ने अर्जेंटीना के खिलाफ दो मैचों की बढत बनायी मगर मैच के अंतिम क्षणों में अर्जेंटीना ने पलटवार करते हुये पांच मिनट के अंतर पर एक के बाद एक दो गोल दाग कर मैच को बराबरी पर लाकर खडा कर दिया।

दक्षिण अफ्रीका की लिंडा एम ने 30वें मिनट में और थेम्बी गातलाना ने 66वें मिनट में गोल कर टीम को जीत की दहलीज पर लाकर खडा कर दिया था मगर अर्जेंटीना की सोफिया ब्राउन ने 74वें मिनट में गोल कर अंतर को 2-1 कर दिया जबकि पांच मिनट पर रोमिना नुनेज ने एक और गोल दाग कर स्कोर को 2-2 की बराबरी पर कर दिया जो मैच के अंत तक बरकरार रहा।



# रियान पराग के ऑलराउंड खेल से पूर्व क्षेत्र की उत्तर क्षेत्र पर बड़ी जीत

**पुडुचेरी** ■ रियान पराग के शानदार शतक और उसके बाद चार विकेट की मदद से पूर्व क्षेत्र ने शुक्रवार को यहां उत्तर क्षेत्र को 88 रन से हराकर देवधर ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट में अपनी लगातार तीसरी जीत दर्ज की।

पराग ने 102 गेंदों पर पांच चौकों और 11 छक्कों की मदद से 131 रन बनाए। उन्होंने कुमार कुशाग्र (98) के साथ मिलकर ऐसे समय जिम्मेदारी संभाली जब पूर्व क्षेत्र 57 रन पर पांच विकेट गंवाकर संघर्ष कर रहा था।

इन दोनों ने छठे विकेट के लिए 235 रन की साझेदारी की जिससे पूर्व क्षेत्र ने आठ विकेट पर 337 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। उत्तर क्षेत्र की तरफ से मयंक यादव ने चार और हर्षित राणा ने तीन विकेट लिए। पराग ने इसके बाद गेंदबाजी में अपनी लेग स्पिन का भी कमाल दिखाया तथा 57 रन देकर चार विकेट लिए। शाहबाज अहमद ने तीन विकेट लेकर



उनका अच्छा साथ दिया जिससे उत्तर क्षेत्र की टीम 45.3 ओवर में 249 रन पर आउट हो गई। उत्तर क्षेत्र की तरफ से मनदीप सिंह ने सर्वाधिक 50 रन बनाए। उनके अलावा अभिषेक शर्मा (44), शुभम रोहिल्ला (41) और हिमांशु राणा (40) भी अपनी अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए। इस जीत से पूर्व क्षेत्र के 12 अंक हो गए हैं और वह दूसरे स्थान पर है। दक्षिण क्षेत्र के भी इतने अंक हैं लेकिन वह बेहतर नेट रन रेट के आधार पर शीर्ष पर है। उत्तर क्षेत्र की यह तीन मैचों में दूसरी हार है ।

## खेल सुर्खियां

# भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने इंग्लैंड को 1-1 की बराबरी पर रोका

**बार्सिलोना** ■ भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने स्पेनिश हॉकी महासंघ की सौंवी वर्षगांठ पर हो रहे अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में अपने तीसरे मेच में शानदार प्रदर्शन करते हुए इंग्लैंड को 1-1 से बराबरी पर रोक दिया।

सैम वार्ड ने मेच के पांचवें मिनट में इंग्लैंड के लिए शुरुआती गोल किया, वहीं भारत ने 29वें मिनट में हरमनप्रीत सिंह के गोल से वापसी करते हुए स्कोर बराबर कर दिया। इस ड्रा मैच के बाद भारत रविवार को होने वाले फाइनल की दौड़ से बाहर हो गया है।

भारतीय टीम ने अपना पिछला मैच नीदरलेंड के साथ ड्रॉ खेला था जबकि टीम को शुरुआती मुकाबले में स्पेन ने हराया था। फाइनल में जगह बनाने के लिए भारतीय टीम को इस मैच को जीतना जरूरी था। भारतीय खिलाड़ी सकारात्मक रवैये के साथ मैदान पर उतरे लेकिन वार्ड के मैदानी गोल से ब्रिटेन ने शुरूआती मिनटों में ही बढ़त कायम कर ली। जेम्स ओट्स ने दायीं ओर से मौका बनाकर गेंद को गोलपोस्ट की ओर मारा और वार्ड ने उसे गोल में बदलने में कोई गलती नहीं की। इंग्लैंड ने



बढ़त लेने के बाद भारत पर दबाव बनाया लेकिन रक्षापंक्ति ने उनके दो पेनल्टी कॉर्नर को विफल कर दिया। इस बीच भारतीय खिलाड़ियों ने जवाबी हमला जारी रखा। टीम को इसका फायदा 12वें मिनट में मिला जब पेनल्टी कॉर्नर पर हरमनप्रीत ने गेंद इंग्लैंड के गोल पोस्ट में डाल दी। अंपायर ने हालांकि खतरनाक खेल का हवाला देते हुए इस गोल को खारिज कर दिया। भारतीय टीम ने दूसरे क्वार्टर में इंग्लैंड पर दबाव बनाने में सफल रही। टीम हालांकि गोल करने में संघर्ष करते दिखी। मैच के 29वें मिनट में हरमनप्रीत ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर स्कोर बराबर कर दिया। मध्यांतर के बाद भी दोनों टीमों के बीच करीबी मुकाबला जारी रहा। दोनों टीमों ने एक दूसरे के खिलाफ हमले और जवाबी हमले किये। इस बीच श्रीजेश की जगह गोलकीपर की भूमिका निभा रहे पवन ने मैच के 35वें मिनट में शानदार बचाव किया। भारतीय टीम ने इसके बार दो मौके बनाये लेकिन खिलाड़ी इंग्लैंड के गोलकीपर जेम्स माजरेलो छकाने में कामयाब नहीं हुए। मैच के आखिरी पलों में भारतीय टीम ने पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन माजरेलो ने एक बार फिर शानदार बचाव किया।

### जडेजा ने विराट कोहली के कैच को सराहा

**ब्रिजटाउन** । भारत ने केंसिंग्टन ओवल में एकदिवसीय श्रृंखला के पहले मैच में वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हरा दिया, जिसके बाद बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने रोमारियो शेफर्ड को आउट करने के लिए विराट कोहली के एक हाथ से शानदार केच की सराहना की। गुरुवार को वेस्टइंडीज की पारी के 18वें ओवर में, जडेजा को ड्राइव करने के प्रयास में शेफर्ड के बल्ले का बाहरी किनारा निकालने के लिए अच्छा टर्न मिला। कोहली, जो दूसरी स्लिप पर तैनात थे, ने बल्लेबाज को आउट करने के लिए अपनी दाहिनी ओर गिरते हुए एक हाथ से शानदार केच लपका, जिससे जडेजा आश्चर्यचकित रह गए। बीसीसीआई द्वारा अपने सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में जडेजा ने कुलदीप यादव से कहा, आम तौर पर, मैं ऐसे केच तब लेता हूं जब दूसरे गेंदबाजी कर रहे होते हैं।

### संयोजन के कारण टीम में नहीं चुना जाना मेरे लिये सामान्य बात : कुलदीप

**ब्रिजटाउन** । हालात के अनुरूप टीम संयोजन के कारण कई बार बाहर होने वाले कुलदीप यादव के लिये यह सामान्य बात है और बायें हाथ के कलाई के इस स्पिनर का मानना है कि मौके गंवाने पर दुखी होने की बजाय हर मौके का फायदा उठाना बेहतर है। कुलदीप ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले वनडे में तीन ओवर में छह रन देकर चार विकेट लिये जिससे भारत ने पांच विकेट से जीत दर्ज की। 'प्लेयर आफ द मैच' चुने गए कुलदीप ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा अधिकांश समय मुझे हालात और टीम संयोजन की वजह से खेलने का मौका नहीं मिलता। अब यह सामान्य बात है। मैं इतने साल से क्रिकेट खेल रहा हूं ।अब छह साल से अधिक हो गए। ये चीजें सामान्य हैं। उन्होंने कहा मैं अब विकेट लेने के बारे में ज्यादा नहीं सोचता। मेरा फोकस प्रक्रिया पर है कि किस लेंग्थ से गेंद डालनी चाहिये। इस साल नौ वनडे में 19 विकेट ले चुके कुलदीप को आठ विकेट लेने के बावजूद दिसंबर में बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट में नहीं चुना गया था।

# लक्ष्य जापान ओपन के सेमीफाइनल में

**तोक्यो** ■ भारत के लक्ष्य सेन ने अपना प्रभावी प्रदर्शन जारी रखते हुए जापान के कोकी वातानाबे को सीधे गेम में हराकर जापान ओपन सुपर 750 बेडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि एच एस प्रणय और सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी हारकर बाहर हो गई।

विश्व चेम्पियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी सेन ने 33वीं रैंकिंग वाले वातानाबे को 21 . 15, 21 . 19 से शिकस्त दी। वह कनाडा और अमेरिका के बाद लगातार तीसरे सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। अलमोड़ा के 21 वर्ष के राष्ट्रमंडल खेल चेम्पियन सेन का सामना इंडोनेशिया के पांचवीं वरीयता प्राप्त जोनाथन क्रिस्टी से होगा। दुनिया के दसवें नंबर के खिलाड़ी प्रणय को दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी डेनमार्क के विक्टर एक्सेलसेन ने 19 . 21, 21 . 18, 21 . 8 से हराया। फॉर्म में चल रही सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी को ओलंपिक चेम्पियन चीनी ताइपे के ली यांग और वांग चि लान ने 21 . 15, 23 . 25, 21 . 16 से मात दी । इसके साथ ही उनका




लगातार 12 मेच का विजय अभियान भी खत्म हो गया। कनाडा ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट जीतने वाले सेन ने 5 . 3 की बढत से आगाज किया और ब्रेक तक यह बढत 11 . 7 की कर ली। उन्हें जापानी विरोधी का सामना करन में दिक्कत नहीं आई और पहला गेम क्रॉसकोर्ट पर दो शानदार रिटर्न के साथ उन्होंने अपने नाम किया।

दूसरे गेम में वातानावे ने वापसी की कोशिश की लेकिन सेन ने लय नहीं छोड़ी । एक समय स्कोर 18 . 17 था लेकिन दो रिटर्न के साथ सेन ने एक मैच प्वाइंट बना लिया। इसके बाद बेकलाइन पर शानदार रिटर्न के साथ जीत दर्ज की।

एक्सेलसेन और प्रणय का मैच काफी रोमांचक रहा और दोनों ने शानदार रेलियां लगाईं। पिछले तीन मैचों में दो बार एक्सेलसेन को हरा चुके प्रणय ने पहला गेम जीता और दूसरे में भी 7 . 1 की बढत बना ली थी लेकिन इसके बाद लय कायम नहीं रख सके । एक्सेलसेन ने वापसी करते हुए शानदार स्मैश लगाये और 17 . 13 की बढत बना ली। प्रणय ने वापसी करके स्कोर 17 . 17 किया। क्रॉसनेट शॉट के दम पर एक्सेलसेन ने फिर दो अंक की बढत बना ली हालांकि प्रणय ने एक बार फिर स्कोर 19 . 19 कर दिया।

बेहतरीन क्रॉसनेट शॉट पर प्रणय ने एक अंक की बढत बनाई। एक्सेलसेन ने हालांकि लगातार अंक लेकर वापसी की। तीसरे गेम में भी स्कोर बराबरी पर था लेकिन एक्सेलसेन ने लगातार सात अंक हासिल किये। दूसरी ओर थकान प्रणय पर हावी हो गई थी और वह गलतियां करते चले गए।



## शाहरूख ने जवान की पूरी टीम का शुक्रिया अदा किया

बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान ने अपनी आने वाली फिल्म जवान की पूरी टीम का शुक्रिया अदा किया है। दक्षिण भारतीय निर्देशक एटली की आने वाली फिल्म जवान में शाहरूख खान की मुख्य भूमिका है। फिल्म जवान का प्रिव्यू हाल ही में रिलीज किया गया था, जिसे लोगों ने बेहद पसंद किया। शाहरूख खान ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर जवान की पूरी टीम को धन्यवाद करते हुए, सभी के लिए खास मैसेज लिखा है।शाहरुख खान ने अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर एक ट्वीट करते हुए एटली के बारे में लिखा, सर, मॉस, यू आर द मेन। हर चीज के लिए आपका शुक्रिया।

इस बात को सुनिश्चित करना कि एके मीर ने प्रिया के साथ अपने इनपुट जरूर दिए हो। लव यू ऑल।अपने को-स्टार विजय सेतुपति के साथ काम करने को लेकर शाहरुख खान ने लिखा, सर आपके साथ काम करना सम्मान की बात है। मुझे सेट पर थोड़ी-थोड़ी तमिल सिखाने और स्वादिष्ट भोजन खिलाने के लिए आपका धन्यवाद। शाहरुख खान ने अपने कोरियोग्राफर को धन्यवाद किया। उन्होंने लिखा, शोभी मास्टर आपका शुक्रिया, मुझे एक कूल हीरो की तरह डांस करवाने के लिए। प्लीज अपनी पूरी टीम को मेरा प्यार दें, मैंने अपना बेस्ट ट्राई किया है।सुनील ग्रोवर का शुक्रिया अदा करते हुए शाहरूख खान ने ने लिखा, थैंक यू मेरी गुत्थी, तुम्हारे साथ इस जर्नी पर बहुत ही मजा आया। तुमने फिल्म में बहुत ही अच्छा काम किया है। लव यू। एटली द्वारा निर्देशित, 'जवान' रेड चिलीज़ एंटरटेनमेंट की प्रस्तुति है।



## गुरू रंधावा का नया गाना 'यू टॉकिंग टू मी?' रिलीज़

जानेमाने गायक गुरू रंधावा का नया गाना 'यू टॉकिंग टू मी?' रिलीज़ हो गया है। 'यू टॉकिंग टू मी? 'गाना भूषण कुमार द्वारा निर्मित किया गया है।भूषण कुमार ने कहा, गुरु हमारे म्यूजिक इंडस्ट्री के सबसे बेहतरीन कलाकारों में से एक हैं। वे हमेशा अपने श्रोताओं के समक्ष कुछ अनोखा पेश करने की कोशिश करते हैं। और इस बार भी उन्होंने 'यू टॉकिंग टू मी?' के साथ अपने संगीत को एक पायदान ऊपर ले लिया है और मुझे यकीन है कि संगीत प्रेमी इस ट्रेक का आनंद लेंगे।

गुरु रंधावा ने कहा, रॉबर्ट डी नीरो मेरे पसंदीदा में से एक रहे हैं। जब मैंने 'यू टॉकिंग टू मी?' बनाने का फैसला किया, तो ऐसा लगा जैसे यह महान को ट्रिब्यूट देने का सही मौका है। साथ ही मैं अपने प्रशंसकों के समक्ष कुछ नया और रोमांचक भी लाना चाहता था। जैसे ही इस गाने का पहला बीट रिलीज़ किया गया तब से ये एहसास हो गया था कि इस गाने में अनकंडीशनल फील और वाइब है। इस गाने को सभी लोग एंजोय करेंगे। म्यूजिक प्रोड्यूसर ट्रिप बिट्स ने गुरु रंधावा के सिग्नेचर स्टाइल को ट्रेप म्यूजिक के एलिमेंट के साथ बखूबी कंबाइन किया है। उन्होंने कहा,गुरु के यूनिक स्टाइल को ट्रेप म्यूजिक के साथ मिश्रित करने से हमें एक ऐसा ट्रेक तैयार करने में मदद मिली जो कंटेम्प्ररी म्यूजिक की सीमाओं को आगे बढ़ाता है। मुझे पूरा विश्वास है कि लोग इस गाने को ज़रूर पसंद करेंगे। 'यू टॉकिंग टू मी?' अब टी-सीरीज़ के यूट्यूब चेनल पर उपलब्ध है।

## फिल्म 'युधरा' में अलग अंदाज में दिखेंगे राघव जुयाल

इन दिनों एक्टर और डांसर राघव जुयाल, रवि उदयावर द्वारा निर्देशित फिल्मि 'युधरा' का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंटने कहा कि उनके साथ काम करना एक मास्टर क्लास की तरह था। 'युधरा' में मालविका मोहनन और सिद्धांत चतुर्वेदी हैं। रवि का आखिरी प्रोजेक्ट 'मॉम' था, जिसने उन्होंहने कई पुरस्कार जीते। राघव जुयाल, निर्देशक रवि के साथ काम करने के लिए काफी उत्साहित हैं। राघव ने कहा, रवि उदयावर सस्पेंस और एक्शन बनाने में माहिर हैं।



उनकी आखिरी फिल्म 'मॉम' को खूबसूरती से शूट किया गया था। उन्होंने कहा,मैं आभारी हूं कि उन्होंने मुझे अपनी अगली फिल्म 'युधरा' का हिस्सा बनने के लिए चुना। यह एक एक्शन से भरपूर प्रोजेक्ट है और मैंने इस किरदार को मूर्त रूप देने के लिए कड़ी मेहनत की है। यह मेरी सामान्य हास्य भूमिकाओं से अलग है। 'युधरा' के लिए, राघव ने हाई-ऑक्टेन स्टंट में महारत हासिल करने के लिए मुक्केबाजी प्रशिक्षण लिया है। उन्होंने एक पेशेवर मुक्केबाज की प्रशिक्षण दिनचर्या को अपनाया।

फिल्म का निर्माण एक्सेल एंटरटेनमेंट द्वारा किया गया है। वह 'ग्यारह ग्यारह' में भी नजर आएंगे, जो के-ड्रामा 'सिग्नल' का हिंदी रीमेक है। राघव के अलावा कृतिका कामरा और धैर्य करवा भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। रवि की 2017 की फिल्म 'मॉम' में श्रीदेवी ने एक सतर्क मां की भूमिका निभाई थी जो एक पार्टी में यौन उत्पीड़न के बाद अपनी सौतेली बेटी का बदला लेने के लिए निकलती है। इसमें नवाजुद्दीन सिद्दीकी, अक्षय खन्ना और पाकिस्तानी अभिनेता सजल अली और अदनान सिद्दीकी सह कलाकार थे।



## सामंथा ने शॉर्ट्स पहन किया हॉट डांस

एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु इस समय बाली में छुट्टियां मना रही हैं। बाली की प्राकृतिक सुंदरता के स्नेपशॉट वह अपने फैंस के साथ शेयर कर रही हैं। रेतीले समुद्र तटों से लेकर हरे-भरे लैंडस्केप तक, उनका फीड उनके फॉलोअर्स के लिए एक विजुअल ट्रीट है।

शुक्रवार को, एक्ट्रेस ने एक गाने पर अपनी दोस्त अनुषा स्वामी के साथ डांस करते हुए एक रील वीडियो शेयर की। वीडियो में उनकी एनर्जी और डांस के प्रति पैशन साफ नजर आ रहा है। फैंस उनके डांस स्किल्स को देख सरप्राइज हैं। सामंथा ने वाइट टैंक टॉप, ब्लू डेनिम शॉर्ट्स और वाइट स्नीकर्स पहने हुए हैं। उन्होंने अपने बालों को खुला छोड़ रखा है और एविएटर सनग्लासेस के साथ अपने कूल लुक को पूरा किया।

वीडियो में वह रफागा बैंड के गाने 'मेंटिरोसा' पर डांस कर रही हैं। डांस वीडियो शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने लिखा- गर्ल ट्रिप 100/100, वीडियो को 4.9 मिलियन से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं।

एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने रेड हार्ट वाले इमोजी के साथ कमेंट किया, क्यूटी। सामंथा ने फिलहाल एक्टिंग से ब्रेक लिया हुआ हैं क्योंकि वह अपने हेल्थ पर ध्यान देना चाहती हैं। उनका ऑटोइम्यून स्थिति मायोसिटिस का इलाज चल रहा हैं।

वेबएमडी के अनुसार, मायोसिटिस मांसपेशियों में सूजन पैदा करने वाली किसी भी स्थिति को संदर्भित करता है। कमजोरी, सूजन और दर्द मायोसिटिस के सबसे आम लक्षण हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो, उनकी अगली फिल्म विजय देवरकोंडा के साथ 'कुशी' है। यह रोमांटिक तेलुगु फिल्म 1 सितंबर को रिलीज होगी। वह एक्ट्रेस वरुण धवन के साथ 'सिटाडेल' के इंडियन काउंटरपार्ट में भी दिखाई देंगी।

## फिल्म ओह माय गॉड 2 का गाना रिलीज



बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म ओह माय गॉड 2 का दूसरा गाना हर हर महादेव रिलीज हो गया है। अक्षय कुमार इन दिनों अपनी सुपरहिट फिल्म 'ओह माय गॉड' के सीक्वल 'ओह माय गॉड 2' में काम कर रहे हैं। इस फिल्म में अक्षय के साथ पंकज त्रिपाठी और यामी गौतम भी मुख्य किरदार में हैं। ओह माय गॉड 2 का पहला गाना ऊंची ऊंची वादी हाल ही में रिलीज किया गया था। अब ओह माय गॉड 2 का दूसरा गाना हर हर महादेव भी रिलीज हो गया है। इस गाने में अक्षय कुमार शिव तांडव करते हुए नजर आ रहे हैं।बड़ी जटाओं और चेहरे पर राख लगाए, हाथ में डमरू लिए शिव की तरह कभी मंद-मंद मुस्काते तो कभी रौद्र रूप को दर्शाते हुए अक्षय कुमार ने खुद को इसमें खुद को रम दिया है। 'हर-हर महादेव' गाने का म्यूजिक विक्रम मोंट्रोज ने दिया है, गाने को उन्होंने ने ही गाया है।

## फिल्म 'गदर 2 का ट्रेलर रिलीज



बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल और अभिनेत्री अमीषा पटेल की आने वाली फिल्म गदर 2 का ट्रेलर रिलीज हो गया है। अनिल शर्मा के निर्देशन में बनी फिल्म 'गदरः एक प्रेम कथा' वर्ष 2001 में रिलीज हुयी थी। इस फिल्म में सनी देओल ,अमीष पटेल और अमरीश पुरी ने अहम भूमिका निभायी थी। 'गदरः एक प्रेम कथा' के सीक्वल गदर 2 में एक बार फिर से सनी और अमीषा की जोड़ी नजर आयेगी। गदर 2 का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर की शुरुआत सनी देओल (तारा सिंह) अपने बेटे उत्कर्ष शर्मा (जीते) और अपनी पत्नी अमीषा पटेल (सकीना) के साथ हंसी खुशी के पल बिताते नजर आते हैं। वहीं एक वक्त ऐसा आता है जब पाकिस्तान वाले तारा सिंह से बदला लेने के लिए उसके बेटे को बंदी बना लेते हैं।

## जॉनी वाकर ने कॉमिक अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया

बॉलीवुड में अपने लाजवाब कॉमिक अभिनय से दर्शकों के दिलों में गुदगुदी पैदा करने वाले जॉनी वॉकर को बतौर अभिनेता अपने सपनों को साकार करने के लिये बस कंडक्टर की नौकरी भी करनी पड़ी थी।

मध्य प्रदेश के इंदौर शहर मे एक मध्यम वर्गीय मुस्लिम परिवार मे जन्में बदरूदीन जमालुदीन काजी उर्फ जॉनी वाकर बचपन के दिनों से ही अभिनेता बनने का ख्वाब देखा करते थे। वर्ष 1942 में उनका पूरा परिवार मुंबई आ गया। मुंबई में उनके पिता के एक जानने वाले पुलिस इंस्पेकटर थे जिनकी सिफारिश पर जॉनी वाकर को बस कंडकटर की नौकरी मिल गयी।

इस नौकरी को पाकर जॉनी वाकर काफी खुश हो गये क्योंकि उन्हे मुफ्त में ही पूरी मुंबई घूमने का मौका मिल जाया करता था। इसके साथ ही उन्हें मुंबई के स्टूडियो में भी जाने का मौका मिल जाया करता था। जॉनी वाकर का बस कंडक्टरी करने का अंदाज काफी निराला था। वह अपने विशेष अंदाज मे आवाज लगाते माहिम वाले पैसेन्जर उतरने को रेडी हो जाओ लेडिज लोग पहले। इसी दौरान जॉनी वाकर की मुलाकात फिल्म जगत के मशहूर खलनायक एन.ए.अंसारी और के आसिफ के सचिव रफीक से हुयी। लगभग सात आठ महीने के संघर्ष के बाद जॉनी वाकर को फिल्म अखिरी पैमाने में एक छोटा सा रोल मिला।

इस फिल्म में उन्हें पारिश्रमिक के तौर पर 80 रुपये मिले जबकि बतौर बस कंडक्टर उन्हें पूरे महीने के मात्र 26 रुपये ही मिला करते थे। एक दिन उस बस में अभिनेता बलराज साहनी भी सफर कर रहे थे।वह जॉनी वाकर के हास्य व्यंग के अंदाज से काफी प्रभावित हुये और उन्होंने जॉनी वाकर को गुरुदत्त से मिलने की सलाह दी। गुरुदत्त उन दिनों बाजी नामक एक फिल्म बना रहे थे। गुरुदत्त ने जॉनी वाकर की प्रतिभा से खुश होकर अपनी फिल्म बाजी में काम करने का अवसर दिया।

वर्ष 1951 में प्रदर्शित फिल्म .बाजी. के बाद जॉनी वाकर बतौर हास्य कलाकार अपनी पहचान बनाने में सफल हो गये। फिल्म बाजी के बाद वह गुरुदत्त के पसंदीदा अभिनेता बन गये। उसके बाद जॉनी वाकर ने गुररुदत्त की कई फिल्मों में काम



किया जिनमें आरपार, मिस्टर एंड मिसेज 55, प्यासा, चौदहवी का चांद, कागज के फूल जैसी सुपरहिट फिल्में शामिल है।नवकेतन के बैनर तले बनी फिल्म टेक्सी ड्राइवर में जॉनी वाकर के चरित्र का नाम .मस्ताना. था। कई दोस्तों ने उन्हें यह सलाह दी कि वह अपना फिल्मी नाम मस्ताना ही रखे लेकिन जॉनी वाकर को यह नाम पसंद नहीं आया और उन्होंने उस जमाने की मशहूर शराब .जॉनी वाकर. के नाम पर अपना नाम जॉनी वाकर रख लिया।

वर्ष 1958 में प्रदर्शित फिल्म 'मधुमति' का एक दृश्य जिसमें वह पेड़ पर उलटा लटक कर लोगों को बताते हैं कि दुनिया ही उलट गयी है ,आज भी सिने दर्शक नहीं भूल पाये हैं। इस फिल्म के लिये उन्हें सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का फिल्म फेयर पुरस्कार भी दिया गया। इसके अलावे वर्ष 1968 में प्रदर्शित फिल्म'शिकार'के लिये जॉनी वाकर सर्वश्रेष्ठ हास्य अभिनेता के फिल्म फेयर पुरस्कार से सम्मानित किये गये।

70 के दशक मे जॉनी वाकर ने फिल्मों में काम करना काफी कम कर दिया क्योंकि उनका मानना था कि फिल्मों मे कामेडी का स्तर काफी गिर गया है।इसी दौरान ऋषिकेष मुखर्जी की फिल्म 'आनंद' में जॉनी वाकर ने एक छोटी -सी भूमिका निभायी। इस फिल्म के एक दृश्य में वह राजेश खन्ना को जीवन का एक ऐसा दर्शन कराते है कि दर्शक अचानक हंसते-हंसते संजीदा हो जाता है।

वर्ष 1986 में अपने पुत्र को फिल्म इंडस्ट्री में स्थापित करने के लिये जॉनी वाकर ने फिल्म'पहुंचे हुये लोग'का निर्माण और निर्देशन भी किया। लेकिन बॉक्स आफिस पर यह फिल्म बुरी तरह से नकार दी गयी। इसके बाद जॉनी वाकर ने फिल्म निर्माण से तौबा कर ली।इस बीच उन्हें कई फिल्मों में अभिनय करने के प्रस्ताव मिले जिन्हें जॉनी वाकर ने इंकार कर दिया लेकिन गुलजार और कमल हसन के बहुत जोर देने पर वर्ष 1998 मे प्रदर्शित फिल्म 'चाची 420' में उन्होंने एक छोटा- सा रोल निभाया जो दर्शको को काफी पसंद भी आया। जानी वाकर ने अपने अपने पांच दशक के लंबे सिने कैरियर मे लगभग 300 फिल्मों में काम किया।अपने विशिष्ट अंदाज और हाव भाव से लगभग चार दशक तक दर्शकों का मनोरंजन करने वाले महान हास्य कलाकार जॉनी वाकर 29 जुलाई 2003 को इस दुनिया से रूख्सत हो गये।

# ताजिएदारों एवं प्रबुद्ध नागरिकों का पगड़ी बांधकर किया सम्मान

## मोहर्रम का त्यौहार हिंदू मुस्लिम एकता के साथ संपन्न

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

गोहद। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मुहर्रम (ताजियों) का त्योहार भाईचारे के साथ मनाया गया। चुनावी वर्ष होने के कारण कई नेताओं ने ताजियों पर पहुंचकर मुरादें मांगी। इस दौरान कई नेता गणों ने पुरानी कचहरी के पीछे (जहां ताजिया मुकाम लेते हैं) पहुंचकर ताजियों के दीदार (दर्शन) किए एवं कई पार्टियों के प्रत्याशियों ने टिकट के लिए अपनी अपनी अर्जियां लगाई। इसी कड़ी में सबसे खास कार्यक्रम कांग्रेस नेता तथा कांग्रेस पार्टी से गोहद विधानसभा क्षेत्र के संभावित प्रत्याशी केदार सिंह कौशल का रहा, उन्होंने इस दौरान सभी ताजिएदारों एवं नगर के प्रबुद्ध नागरिकों का कचहरी के पीछे पहुंचकर पगड़ी बांधकर सम्मान व स्वागत किया एवं सभी का आशीर्वाद लिया। इससे पहले वह 28 जुलाई को भी नगर के मुख्य व प्रसिद्ध ताजिएदारों के यहां पहुंचे और उस इलाके के बुजुर्गो का आशीर्वाद लिया। इस दौरान वह मौ, खितौली, जंगलपुरा, गोहद चौराहा, मालनपुर आदि मुस्लिम बाहुल्य कस्बों व ग्रामों में पहुंचे और वहां के बुजुर्गों का भी आशीर्वाद लिया। इस दौरान उनके साथ हसीन खान भारैया, शहर काजी रहीसउद्दीन हाशमी, अकरम चौधरी, साबू खान, असगर खान (पत्रकार), सोहेल खान भारैया, नसीर मोहम्मद (मुखिया), हसरत खान (गुड्डू), अच्छन राइन, सलीम राइन, इरशाद पठान, मनसूर अली, जावेद अली, जुबेर अली, काजी लालउद्दीन, हाफिज हसमत अली, नत्थे खान बैटरी वाले, शहजाद खान सरवा, रशीद खान गोहद चौराहा, गुलफाम पठान, मुन्नीलाल भटेले, कमल प्रताप सिंह तोमर, मुन्नेश शर्मा, पार्षद पुत्र बल्लू शेमर, हरिनारायण माहौर, एडवोकेट रघुनाथ त्रिवेदीया, द्वारका प्रसाद खन्ना, इंद्र सिंह खन्ना, राजेंद्र अर्गल, महेश चौरसिया, हरि सिंह गोयल, मलखान सिंह गोयल, विजय बहादुर गोयल, रणवीर गुर्जर, डॉ अमर सिंह, राजेंद्र मौर्य, प्रहलाद सिंह, कैलाश पवैया आदि आधा सैकड़ा से अधिक लोग उपस्थित रहे।




# डॉ. मंजुलता आर्य की पुस्तक साहित्य के पुरोधा का विमोचन आज




**महेंद्र शर्मा उत्पादक पुष्पांजलि टुडे**

**ग्वालियर।** फूलबाग के पास स्थित मानस भवन में आज दिनांक 30 -07-2023 को सायंकाल 3ः30 बजे से डॉ.मंजुलता आर्य की पुस्तक साहित्य के पुरोधा का विमोचन शिक्षाविद एवं वरिष्ठ साहित्यकार जगदीश तोमर की अध्यक्षता में होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ.संजय पंकज, मुजफ्फरपुर रहेंगे। सारस्वत अतिथि के रूप में वरिष्ठ गीतकार मुरारी लाल गुप्त गीतेश, विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीधर पराड़कर, संगठन महामंत्री मंत्री,अखिल भारतीय साहित्य परिषद, वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. डॉ श्रद्धा सक्सेना एवं हरिओम गौतम समाजसेवी,ग्वालियर मंचासीन रहेंगे। इस अवसर पर समीक्षक के रूप में डॉ. मंदाकिनी शर्मा एवं वरिष्ठ साहित्यकार लालता प्रसाद दोहरे पुस्तक पर अपने समीक्षात्मक विचार व्यक्त करेंगे। कार्यक्रम में लेखिका डॉ. मंजुलता आर्य, साहित्यकार एवं लेखिका सुबोध चतुर्वेदी, साहित्यकार रामचरण रुचिर, साहित्यकार डॉ.लोकेश तिवारी, कवियत्री डॉ . करुणा सक्सेना, व्याप्ति उमड़ेकर, डॉ. अंकिता आर्य, डॉ. पंकज आर्य, डॉ. रामगोपाल आर्य, डॉ. नेहा आर्य आदि ने विशेष रूप से साहित्यकारों, साहित्यानुरागियों, संवाददाताओं एवं गणमान्यजनों से कार्यक्रम में उपस्थित रहने हेतु अनुरोध किया है।



# उर्जा मंत्री के क्षेत्र में ही बिजली विभाग का कारनामा, पोल टेड़ा कर घर का गेट बंद कर दिया

**ग्वालियर।** अपने उर्जा मंत्री प्रघुम्न सिंह तोमर के विभाग की बात ही निराली है। बिजली विभाग तानसेन रोड के अधिकारियों ने एक बिजली का हाईटेंशन लाइन का नया पोल तो लगा दिया, लेकिन पुराना पोल तीन माह से हटाना ही भूल गये। पुराने पोल को वह टेड़ा करके एक घर का रास्ता ही बंद कर गये। अब उस घर में रहने वाले लोगों का गेट बंद पड़ा है और वह बाहर ही नहीं निकल पाते, उन्हें कूदकर आना जाना पड़ रहा हैं। जानकारी के मुताबिक कांती नगर में भाजपा नेता मोहन सिंह वर्मा के घर के पास 3 मंजिला विश्वास घर बना हुआ है। उस मकान के पास बिजली विभाग के अधिकारियों ने हाईटेंशन लाइन के लिये 3 माह पहले नया पोल लगाकर उस पर तार भी शिफ्ट कर दिये। नया पोल लगाने के बाद नियमानुसार पुराना पोल हटाना था तो बिजली विभाग के पोल शिफ्टिंग का काम कर रहे ठेकेदार ने पोल हटाने के लिये वहां लोगों से पैसे मांगे। स्थानीय लोगों ने पैसे नहीं दिये तो वह पोल टेड़ा कर के जानबूझकर वहां के एक मकान विश्वास घर के दरवाजे पर पोल अड़ा गये है। अब इस पोल से विश्वास घर में रहने वाले लोगों का बुरा हाल हैं। वहां तीन माह से रोज वाहन चालक भी पोल से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे है, लेकिन बिजलर विभाग के अधिकारी व ठेकेदार गायब है। पोल नहीं हटने से विश्वास घर में रहने वाले लोगों की दिनचर्या खराब हो गई है। उन्हें घर में बंद रहना पड़ रहा है या कूदकर आना जाना पड़ रहा हैं। कुछ लोग मकान छोड़कर भी चले गये हैं। अब स्थानीय लोगों ने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री शिवराज सिंह व उर्जा मंत्री प्रघुम्न सिंह तोमर को भेजी हैं।

# ज्योतिरादित्य ने गोरखी के ताजिए पर की सेहराबंदी

ग्वालियर में साम्प्रदायिक सद्भाव, आपसी भाईचारे के लिए हर साल मोहर्रम के मौके पर सिंधिया राजपरिवार ताजिएदारी की परम्परा का निर्वहन करता है। इस साल भी गोरखी देवघर के समीप ताजिए लगाए गए हैं। सिंधिया राजपरिवार के मुखिया केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शनिवार को गोरखी पहुंचकर ताजिए पर सेहराबंदी की रस्म अदा कर मुल्क में अमन, चैन और खुशहाली की कामना की। दरअसल ग्वालियर गोरखी के इमाम बाड़े में रखे गए सिंधिया राजवंश के ताजिए पर उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने हाजिरी देकर सेहराबंदी की रस्म अदा की। शहरकाजी अब्दुल अजीज कादरी ने फातहा पड़ा और मुल्क में अमन और सांप्रादियक सद्भाव के लिए दुआ मांगी। आपको बता दें कि सिंधिया राजवंश रियासत काल से ही सभी धर्मों के त्योहारों में शिरकत करता रहा है। मोहर्रम पर भी सदियों से राजवंश के शाही ताजिए की जियारत की परंपरा चली आ रही है। हर साल गोरखी पैलेस में शाही इमामबाड़ा बनाया जाता है। यहां सिंधिया राजवंश का ताजिया रखा जाता है और तय तारीख पर राजवंश का मुखिया सेहराबंदी करता है। इसके बाद मोहर्रम पर इसे विसर्जित किए जाने के दौरान भी शाही प्रतिनिधि मौजूद रहता है। केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपने खानदानी परंपरा को निभाया है।





# जैतवारा में मनाया गया मोहर्रम का त्यौहार

**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी, ब्यूरो चीफ सतना**

सतना जिले के जैतवारा में बड़े धूम धाम से निकली गई ताजिया खुटहा चौराहे होते हुए पावा के पास कर्बला में विसर्जित पूरे रास्ते जय हुसैन जय हुसैन के नारे लगाते हुए शांतिपूर्ण ढंग से कर्बला पहुंचे द्वारा तहसील दार जैतवारा परमानंद तिवारी थाना प्रभारी सुरभि शर्मा ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे सुरक्षा व्यवस्था में थाना प्रभारी सुरभि शर्मा सहित एसआई विजय सिंह एएसआई आरपी वर्मा संदीप शुक्ला दयाराम धीरेंद्र शुक्ला अमित दीक्षित अभिलाष सिंह सतना एसएफ का बल और जैतवारा नगर निगम का स्टाफ मौजूद रहा।





# मैहर की गैंगरेप की घटना प्रदेश सरकार की बिगड़ती कानून व्यवस्था को दर्शाता हैः डॉ. गोविन्द सिंह

**पंकज त्रिपाठी स्टेट हेड, पुष्पांजली टुडे**

**भोपाल ।** विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविन्द सिंह ने कहा है, कि सतना जिले के मैहर मे 11 वर्ष की बालिका के साथ सामूहिक बलात्कार किये जाने की घटना ने कानून व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है । डॉ. सिंह ने कहा कि केन्द्र सरकार ने संसद में सवाल-जबाव में बताया कि जनवरी 2018 से 30 जून 2023 तक के अपराधों के दिए आंकड़ों में देश में मध्यप्रदेश में 12075 लड़के एवं 49024 लड़कियां कुल 61107 बच्चे गायब हुये। बच्चों के गायब होने एवं मानव तस्करी की घटनाओं में मध्यप्रदेश पूरे देश में अव्वल है। यह आंकड़ा चौकाने वाला है एवं भाजपा सरकार की विफलता को दर्शाता है। नेता प्रतिपक्ष डॉ सिंह ने मैहर की घटना के आरोपियों को गिरफ्तार किये जाने एवं पीड़िता का समुचित इलाज तथा एक करोड़ रूपये की आर्थिक सहायता देने की मांग सरकार से की है।





पुष्पांजली टुडे
आम सूचना / कोर्ट नोटिस

| साइज फिक्स | रूपये |
|---|---|
| 8×4 cm | 1120 |
| 10×4 cm | 1400 |
| 12×4 cm | 1680 |

अन्य साइज 50/- sq.cm.
बुकिंग के लिए संपर्क करें
0751-4050784
8269307478

पुष्पांजली टुडे
गुमशुदा / खोया -पाया
नाम परिवर्तन

| साइज फिक्स | रूपये |
|---|---|
| 8×4 cm | 1050 |

अन्य साइज 50/- sq.cm.
बुकिंग के लिए संपर्क करें
0751-4050784
8269307478

उपलब्ध हैं।
फाइनेंस / लोन / होम लोन
ग्वालियर मुरैना बामोर गोहद मालनपुर डबरा इत्यादि जगह में आप मकान खरीदने ओर प्लॉट खरीद कर मकान बनाने के लिए लोन के हैं जरुरत तो करें हमसे संपर्क।
संपर्क करें
07974596469

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478